श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 214, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 31 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अन्ना की सीएम केजरीवाल को पहली चिट्ठी

### आपकी शराब नीति से दुखी हूं, आपकी कथनी और करनी में फर्क, सत्ता के नशे में हैं केजरीवाल: अन्ना हजारे

**नई दिल्ली:** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली सरकार की विवादास्पद आबकारी नीति को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में डूबे केजरीवाल की कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आता है। अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को संबोधित करते हुए पत्र में दिल्ली सरकार की आबकारी नीति पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि केजरीवाल राजनीति में जाकर और मुख्यमंत्री बनने पर अपने ही आदर्श विचारों को भूल गए हैं। अन्ना ने आगे लिखा है कि जिस प्रकार शराब का नशा होता है, उसी प्रकार सत्ता का भी नशा होता है। आप भी ऐसे ही सत्ता के नशे में डूब गये हो। केजरीवाल की पुस्तक स्वराज के अंश साझा करते हुए हजारे ने लिखा कि पुस्तक में ग्राम सभा और शराब नीति पर बड़ी-बड़ी बातें लिखी थीं। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक की प्रस्तावना हजारे ने लिखी थी। हजारे ने अपने पत्र लिखा हैं कि किताब स्वराज में केजरीवाल ने शराब के बारे में कुछ बातें कहीं थी। अब उन्हीं से उलट काम करते हुए वे शराब नीति लेकर आये। अन्ना हजारे ने लिखा है कि आप भी अन्य पार्टियों की तरह पैसे से सत्ता और सत्ता से पैसे के दुष्चक्र में फंसी हुई लगती है। एक बड़े आंदोलन से पैदा हुई राजनीतिक पार्टी को यह शोभा नहीं देता। केजरीवाल ने अपनी पुस्तक में शराब की दुकानों के कारण जनता को होने वाली समस्याओं का विस्तृत विवरण दिया था और सुझाव दिया था कि ऐसी दुकान खोलने से पहले स्थानीय महिलाओं की मंजूरी होनी चाहिए। केजरीवाल ने लिखा था कि शराब की दुकानों के लाइसेंस नेताओं की सिफारिश पर सरकार देती हैं। वे अक्सर रिश्वत लेकर लाइसेंस देते हैं। शराब की दुकानों से भारी परेशानी होती है। लोगों का पारिवारिक जीवन बर्बाद हो जाता है। विडंबना यह है कि इससे सीधे तौर पर प्रभावित लोगों से कोई नहीं पूछता कि शराब की दुकानें खोली जाएं या नहीं। हजारे ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पहले पत्र में कहा कि दिल्ली सरकार की शराब नीति के बारे में खबर पढ़कर उन्हें दुख हुआ। उन्होंने अपनी लिखी किताबों में उच्च आदर्श की बातें कहीं जिससे लोगों को बड़ी उम्मीद थी। दुख की बात है कि दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री ने उन्हें पूरा नहीं किया।

अन्ना ने याद किया कि लोकपाल आंदोलन के दौरान केजरीवाल केंद्र में लोकपाल और राज्यों में लोकायुक्त की जरूरत के बारे में मंच से भ्रष्टाचार के बारे में बड़े-बड़े भाषण देते थे, लेकिन दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के बाद ऐसा लगता है कि वे लोकपाल और लोकायुक्त को भूल गए हैं।



### गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस में निचली अदालतें फैसला सुना चुकी हैं: सुप्रीम कोर्ट

## गुजरात दंगों से जुड़े 8 केस बंद

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस बंद करने का आदेश दिया है। इन सभी मामलों से जुड़ी कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित थीं। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने मंगलवार को कहा कि इतना समय गुजरने के बाद इन मामलों पर सुनवाई करने का कोई मतलब नहीं है। वहीं, एक अन्य मामले में कोर्ट ने एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ को राहत के लिए अपील करने की इजाजत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात दंगों से जुड़े 9 में से 8 केस में निचली अदालतें फैसला सुना चुकी हैं। इनमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की याचिका भी शामिल है, जिसमें दंगों के दौरान हुई हिंसा की जांच की मांग की गई थी। कोर्ट ने दंगा पीड़ितों और सिटीजंस फॉर जस्टिस नाम के एनजीओ की रिट याचिका पर भी विचार किया। एनजीओ ने 2003-2004 में दाखिल याचिका में दंगों की जांच गुजरात पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने की मांग की थी।

**9 में से 8 केस का ट्रायल पूरा, एक की सुनवाई जारी:** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने यह फैसला सुनाया। बेंच में जस्टिस रवींद्र भट और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल हैं। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही गुजरात दंगों से जुड़े 9 केस की जांच के लिए एसआईटी गठित कर चुका है। इनमें से 8 केस का ट्रायल पूरा हो चुका है। नारोदा गांव से जुड़े मामले की सुनवाई अभी जारी है। बेंच ने कहा, 'पीड़ित परिवारों के वकील अपर्णा भट, ऐजाज मकबूल और अमित शर्मा भी एसआईटी के बयान से सहमति जता चुके हैं।





ऐसे में सारे मामलों का कोई मतलब नहीं रह गया है। इसलिए अदालत यह मानती है कि इन याचिकाओं पर आगे विचार करने की जरूरत नहीं है।'

**नारोदा केस में एसआईटी कानूनी कदम उठा सकेगी:** एसआईटी के वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को बताया कि 9 मामलों में से केवल नारोदा गांव इलाके में हुई हिंसा का मामला ही लंबित है और उसमें भी अंतिम दलीलें ही बाकी हैं। बाकी 8 मामलों में सुनवाई पूरी हो चुकी है और वे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपीलेट स्टेज में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि कानून के मुताबिक नारोदा गांव केस का ट्रायल जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की बनाई एसआईटी इस केस में कानून के अनुसार जरूरी कदम उठा सकती है।'

### ईदगाह मैदान पर गणेश चतुर्थी मनाने की अनुमति नहीं

**बेंगलुरु: कर्नाटक** की राजधानी बेंगलुरु के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी मनाने की अनुमति देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि जमीन पर यथास्थिति बरकरार रखी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों को मामले की सुनवाई के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि कर्नाटक हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने कर्नाटक सरकार को चामराजपेट में ईदगाह मैदान के उपयोग की मांग करने वाले आवेदनों को मंजूर कर लिया था। हालांकि, इसके खिलाफ वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश से अनावश्यक तनाव पैदा होगा। पूरे विवाद के बीच मामले को संभालने के लिए ईदगाह मैदान के चारों ओर चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है।

1600 पुलिस कर्मियों की तैनाती: डीसीपी

ईदगाह मैदान के पास की गई सुरक्षा व्यवस्था पर डीसीपी लक्ष्मण बी. निम्बार्गी (पश्चिम मंडल) ने कहा कि पिछले 15 दिनों से बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। हम कानून और व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी की पृष्ठभूमि पर भी हमने सभी समुदाय के नेताओं के साथ शांति बैठक की है। हमने चामराजपेट में लगभग 1600 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है।

## सीबीआई ने सिसोदिया के लॉकर की तलाशी की

**नई दिल्ली:** दिल्ली की शराब नीति में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई ने मंगलवार को डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी ली। जांच एजेंसी ने गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर-4 की पंजाब नेशनल बैंक में 45 मिनट तक सिसोदिया के लॉकर खंगाले। इस दौरान मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। जांच के दौरान बैंक के गेट बंद रहे और किसी को एंट्री नहीं दी गई। जांच के बाद सिसोदिया ने कहा- हमारे लॉकर से सीबीआई को कुछ



भी नहीं मिला। मेरा परिवार पाक-साफ है। यह सच्चाई की जीत है। पीएम ने मेरे लॉकर की जांच कराई।

### कश्मीरी पंडितों की 302 एकड़ जमीन कब्जामुक्त

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कश्मीरी पंडितों की जमीनों पर कब्जे की 8 हजार शिकायतों पर कार्रवाई की है। 1990 में आतंकवाद के भय से पलायन करने वाले पंडितों की जमीनें उनके पड़ोसियों ने ही हड़प रखी थीं। 32 साल बाद ऐसी 2414 कनाल यानी 302 एकड़ जमीन कब्जामुक्त करा दी गई है। लेकिन, सरकार की परेशानी यह है कि इन जमीनों के असल मालिक कब्जा लेने नहीं आ रहे हैं। कब्जे की सबसे ज्यादा शिकायतें अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला और बडगाम जिलों से मिली थीं।

## हथियार अब भारत में ही बनेंगे: राजनाथ सिंह



**उदयपुर:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत अब कमजोर नहीं रहा है। भारत अब दुनिया का ताकतवर देश बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर रूस-यूक्रेन का युद्ध कुछ घंटे के लिए रोक दिया गया था। हमने 22 हजार से ज्यादा भारतीय स्टूडेंट्स को बाहर निकाला था। पीएम ने इसके लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की थी। ऐसा कभी न हुआ है न होगा। रक्षामंत्री मंगलवार को उदयपुर में पन्नाधाय पार्क और मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- भारत ने आज तक किसी भी देश पर न आक्रमण किया है, न किसी जगह पर कब्जा किया है। देश की ओर आंख उठाकर किसी ने बुरी नजरों से देखने की कोशिश की तो उसका मुंह-तोड़ जवाब दिया। इस सरकार पर यकीन रखना कि देश का स्वाभिमान हम कभी झुकने नहीं देंगे। हम सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की चिंता नहीं करते हैं। हम दूसरे देशों में भी जो भारत के लोग हैं उनकी भी चिंता करते हें। राजनाथ ने सेना को लेकर कहा- पहले जवानों के हाथों में जो बंदूक, मिसाइल हुआ करती थी वो दूसरे देशों के मुकाबले हल्की थी। अब हम बंदूक, राइफल, गोले, बारूद कुछ समय बाद दुनिया के देशों से नहीं खरीदेंगे। अब देश में ही बनेंगे। हम 13000 करोड़ का हथियार बेचते हैं। 8 साल पहले यह आंकड़ा सिर्फ 900 करोड़ था। साल 2047 आते-आते यह 2.75 लाख करोड़ का होगा। उन्होंने कहा- अमृतकाल 2047 में खत्म हो रहा है। अब 25 साल का समय लगेगा। 2047 आते-आते भारत विश्वगुरु बनेगा। राजनाथ सिंह ने लोगों से कहा कि पन्नाधाय का जो खून था वहीं खून आपके शरीर में है।

## सोरेन सरकार से नहीं टला संकट

**रांची:** झारखंड में सियासी संकट लगातार बरकरार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने विधायकों की टूट का डर इस कदर सताया है कि वे उनका साथ नहीं छोड़ रहे हैं। अब सभी विधायकों को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शिफ्ट कर दिया गया है। इसके लिए चार्टर्ड फ्लाइट बुक की गई थी। इस बीच सीएम सोरेन ने विधायकों की एकता को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि कोई अनहोनी नहीं होगी। हर परिस्थिति का सामना करने के लिए सत्ता पक्ष तैयार है। रणनीति के तहत कार्य किए जा रहे हैं। उसी रणनीति की छोटी सी झलक पहले और आज सभी ने देखा, आगे भी कई चीजें देखने को मिलेंगी। राज्य में षड्यंत्रकारियों को जवाब सत्ता पक्ष तरीके से देगी। उन्होंने कहा, "हम हर चीज के लिए तैयार हैं, स्थिति हमारे नियंत्रण में है। इससे पहले सोरेन अपने सभी विधायकों को रांची से लगभग 30 किमी दूर खूंटी पहुंचे थे और लतरातू बांध के पास एक झील में नाव की सवारी के लिए जाते देखे गए थे।

**स्पेशल विमान से विधायक पहुंचे रायपुर:** सीएम आवास में एक बार फिर से महागठबंधन के सभी विधायकों को बुलाया गया। जगन्नाथ महतो, अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, अंबा प्रसाद, बादल, सुदिव्य समेत 40 से अधिक विधायकों ने सीएम सोरेन के साथ बैठक में हिस्सा लिया।

## मूसेवाला मर्डर: लॉरेंस का भांजा अजरबैजान में अरेस्ट

**चंडीगढ़:** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में दो बड़ी जानकारी सामने आई है। पहला- मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड सचिन थापन को अजरबैजान की लोकल पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। वहीं, दूसरी खबर है कि गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल कनाडा से कीनिया पहुंच गया है। ये दोनों मूसेवाला के कत्ल से पहले फर्जी पासपोर्ट पर भारत छोड़ भाग गए थे। इसकी जानकारी मिलते ही विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से दोनों की क्रिमिनल हिस्ट्री मांगी है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि अजरबैजान में पकड़े गए सचिन थापन को भारत लाने की



कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**फेक पासपोर्ट केस में पकड़ा गया सचिन:** सूत्रों के मुताबिक, सचिन को फर्जी पासपोर्ट मामले में करीब एक महीने पहले पकड़ा गया। इसकी जानकारी कुछ दिन पहले विदेश मंत्रालय को दी गई। अब विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से सचिन का पूरा क्रिमिनल रिकॉर्ड मांगा है। मूसेवाला केस में सचिन के रोल के बारे में भी रिपोर्ट मांगी है। सचिन को जल्द अजरबैजान से भारत लाया जा सकता है।

**अनमोल पहले कनाडा, फिर कीनिया भागा:** सूत्रों के मुताबिक, अनमोल और सचिन नेपाल के रास्ते दुबई गए। वहां से सचिन अजरबैजान चला गया। इसके बाद अनमोल कनाडा चला गया। लेकिन सचिन को फेक पासपोर्ट केस में गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही अनमोल कनाडा से कीनिया भाग गया।

**लॉरेंस ने कत्ल से पहले भारत से बाहर भेजा:** पंजाब पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के साथ सचिन थापन और अनमोल भी मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड हैं।

### उत्तर प्रदेश में वर्षा कम होने पर भी अन्नदाता की उपज प्रभावित नहीं होगी, 62 जिलों में लगेंगे 2100 राजकीय नलकूप

## सूखे से निपटने के लिए योगी सरकार का फैसला

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में वर्षा कम होने पर भी अन्नदाता की उपज प्रभावित नहीं होगी। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 62 जिलों में 2100 राजकीय नलकूप लगाए जाएंगे। इसका लाभ लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा। राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना पर 84198.83 लाख रुपये खर्च किए जाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुहर लगा दिया है। परियोजना इसी वर्ष से शुरू होकर अगले वर्ष 2023-24 में पूरी हो जाएगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि जनप्रतिनिधि, किसानों की मांग



पूरा करने के लिए सरकार प्रदेश में सिंचाई की क्षमता बढ़ाने जा रही है। एक क्यूसेक क्षमता के नए राजकीय नलकूप 62 जिलों में लगाए जाएंगे। इन भूगर्भ जल सुरक्षित विकासखंडों में 2100 नए राजकीय नलकूपों के निर्माण की परियोजना गठित की गई है। इस योजना के तहत किसी डार्क या ग्रे ब्लाक में नलकूप स्थापित नहीं किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत लगने वाले हर नलकूप पर रिमोट सेंसिंग, ड्रिलिंग डेवलपमेंट, पंप हाउस का निर्माण, डिलीवरी टैंक, हेडर व जल वितरण प्रणाली के तहत 1.2 किलोमीटर भूमिगत पीवीसी पाइप लाइन बिछाने, 10 आउटलेट का निर्माण व ऊर्जीकरण का कार्य कराया जाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूरी होने पर 50 हेक्टेयर प्रति राजकीय नलकूप की दर से एक लाख 5000 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता में बढ़ोतरी होगी। परियोजना के तहत राजकीय नलकूपों के निर्माण कार्य से श्रमिकों के लिए 21 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

## अंकिता हत्याकांड: झारखंड हाईकोर्ट ने डीजीपी को किया तलब

**रांची:** अंकिता की मौते के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने डीजीपी को तलब करते हुए अंकिता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने के आदेश दिए हैं। झारखंड के दुमका की अंकिता की मौत के 3 दिन बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। इससे पहले पुलिस ने छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया था। इधर फॉरेंसिक साइंस और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम दुमका पहुंची और अंकिता के घर से सैंपल कलेक्ट किए। जांच करने आए



एक अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि टीम रांची से आई है और वैज्ञानिक तरीके से इसकी जांच हो रही है । यहां जो सबूत एकत्रित किया जाएगा उसकी जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपेंगे।

**खबर संक्षेप**

### आनलाइन ठगी का शिकार हुए वन विभाग के रिटायर्ड दरोगा

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में रिटायर्ड वन विभाग के दरोगा आनलाइन ठगी का शिकार हो गए हैं। आन लाइन ठगी का शिकार हो जाने के पश्चात जानकारी हुई तो उक्त दरोगा के होश उड़ गए। रिटायर्ड वन विभाग दरोगा पूरामुफ्ती थाना पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि तीन बार में उसके खाते से जालसाजों ने लाखों रुपए पार कर दिए हैं। पीड़ित ने जालसाजों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के नयागंज मनौरी रोड स्थित देवलोक मन्दिर के संस्थापक एवं रिटायर्ड वन विभाग के दरोगा कैलाशनाथ दुबे पुत्र स्व कन्हैया लाल दुबे से जालसाजों ने अनलाइन ठगी कर उनके खाते से मोटी रकम उड़ा दी है। थाना पहुंचकर पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर अनजान नंबर से फोन आया और जालसाज जो कहता गया पीड़ित व्यक्ति वह करता गया उसके कुछ समय बाद उसके खाते से तीन बार में लाखों रुपए निकल गए। रुपए निकलने के बाद पीड़ित के होश उड़ गए तत्काल मनौरी स्टेड बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक को अवगत कराया और उसके पश्चात पूरामुफ्ती थाना में लिखित शिकायती पत्र दिया।

# संगमनगरी में जलस्तर घटा : बाढ़ में तैर रहा शहर का प्रतिष्ठित दिल्ली पब्लिक स्कूल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा नोएडा के सेक्टर 93-ए बनाया गया ट्विन टावर अब इतिहास बन चुका है। नियमों को ताक पर रखकर निर्माण करवाना लोगों की फितरत में शामिल हो। बहुतेरे ऐसे निर्माण हैं, जो नियम विरुद्ध करवाए गए और उसका खामियाजा आज बहुतों को भुगतना पड़ रहा है। प्रयागराज में भी कई निर्माण ऐसे हैं, जो गंगा-यमुना की बाढ़ में डूब जाते हैं या फिर तैरने लगते हैं। यमुनापार के नैनी क्षेत्र में बना शहर का प्रतिष्ठित दिल्ली पब्लिक स्कूल भी इसी तरह के निर्माण में से एक है। डीपीएस जैसे कई निर्माण ऐसे हैं, जो नियमों को ताक पर रखकर डूब क्षेत्र में करवाए गए हैं और आज इसका खामियाजा हर किसी को भुगतना पड़ रहा है। प्रयागराज में आने वाली बाढ़ में डूब क्षेत्र में बनाए गए सैकड़ों मकान जलमग्न हो जाते हैं, बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन कर प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण कार्यों पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है।



बाढ़ से प्रभावित दिल्ली पब्लिक स्कूल

हालांकि, विकास प्राधिकरण ने इसके लिए गाइडलाइन बना रखी है, लेकिन इसे कौन फॉलो करता है। दूसरी तरफ फिलहाल गंगा और यमुना का जलस्तर घटने लगा है। 30 अगस्त को दोपहर दो बजे फाफामऊ का जलस्तर दो सेंटीमीटर, छतनाग का छह सेंटीमीटर और नैनी का छह सेंटीमीटर कम हुआ है। यह गिरावट प्रति दो घंटे की है। हालांकि अभी खतरे का निशान (84.734 मीटर) बाढ़ के पानी में काफी नीचे है। फाफामऊ में जलस्तर 85.84 मीटर, छतनाग में 84.9 और नैनी में 85.67 मीटर है। गंगा-यमुना के साथ-साथ ससुर खेदरी नदी में घटते जलस्तर से लोगों को थोड़ी राहत की उम्मीद दिख रही है। सिंचाई विभाग का अनुमान है कि बाढ़ धीरे रात तक गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के नीचे आने का अनुमान है। हालांकि गंगा का जलस्तर रुक-रुककर घट रहा है। मंगलवार को सुबह फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 85.88 मीटर था, जबकि छतनाग में 84.98 मीटर पर रुका हुआ था। फिलहाल नीचे उतरने पानी से लोगों में राहत की उम्मीद जरूर देखी जा रही है, लेकिन पानी के उतरने के बाद लोगों की मुसीबतें भी बढ़नी तय है। बाढ़ के साथ आई गंदगी संक्रामक बीमारियों का कारण बनेगी। जिससे निपटने में बाढ़ प्रभावित लोगों और प्रशासन को जूझना होगा।

## धरवारा गांव में कई एकड़ दलहनी व तिलहनी फसलें हुई नष्ट



**करछना।** टोंस नदी में तेजी से बढ़ते जलस्तर के चलते नदी के किनारे स्थित कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। गांव की सड़कों पर पानी भर जाने के कारण लोगों का आवागमन भी बाधित हो गया है। जगह-जगह लोग नाव के सहारे आर-पार हो रहे हैं। टोंस नदी के किनारे स्थित धरवारा बघेड़ा अरई तुरकहा भस्मा आदि गांव बाढ़ की गिरफ्त में हो गए हैं। वहीं धरवारा व बघेडा संपर्क मार्ग की सड़क जलमग्न हो जाने से सोमवार से धरवारा ग्राम प्रधान बाबूलाल निषाद की ओर से नाव चलाई जा रही है। नाव के सहारे लोग आर-पार हो रहे हैं। इस बाबत धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने बताया कि सड़क जलमग्न हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी फजीहते झेलनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ से दलहनी व तिलहनी फसलें सडी.जा रही है। जिससे किसानों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस संबंध में धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने यह भी जानकारी दी कि हल्का लेखपाल फोन नहीं रिसीव करते हैं।

# विद्युत मीटर रीडिंग कर्मचारियों के साथ किया जा रहा है सौतेला व्यवहार, सीएम से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विद्युत मीटर रीडिंग कर्मचारियों के साथ कई महीनों से अधिकारियों द्वारा भविष्य निधि के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिस से आहत विद्युत मीटर रीडिंग कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है और मांग किया है कि कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दंडित किया जाय और कर्मचारियों पर किया जा रहा शोषण में शामिल लोगों को दंडित किया जाय की सीएम से शिकायत में मांग की है, कर्मचारियों में प्रभारी मंडल जिला प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी व फतेहपुर में विद्युत बिलिंग वितरण का ठेका मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेस का है और विद्युत विभाग से इनका अनुबंध नवम्बर 2021 से है और करीब 10 महीने से कार्य करा रहें हैं, और अभी तक ये मीटर रीडिंग कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन कम वेतन दे रही है जो की श्रम विभाग के नियमों का उल्लंघन है। आज मीटर रीडर कर्मचारियों की आर्थिक और मानसिक स्थिति दोनो खराब हैं इनका शोषण चरम पर है। अपने हक की मांग करने पर इनको नौकरी से निकालने की भी धमकी दी जाती है वेतन से हर माह एढक्र व एरक्ढ की कटौती की जाती है पर आज तक कोई भी पैसा भविष्य निधि में नहीं जमा है और न ही परिवार सुरक्षा कार्ड बना हैं बिलिंग का सारा कार्य 4 जिलों में हो रहा है और इन कर्मचारियों का खाता यहां के एढक्र कार्यालय में नहीं हैं। ये वहीं कम्पनी है जो 2019 में स्टर्लिंग ट्रांफोर्मा के नाम से थी और करीब कम्प्यूटर अपिटरो का 6 महीनों का पेमेंट ले के भाग चुकी है। तो ऐसी भ्रष्ट कंपनी का अनुबंध विभाग के दुबारा कैसे हुई जो की ब्लैक लिस्ट हो चुकी है। तो मुख्यमंत्री से ऐसी कंपनी के खिलाफ जांच कराएं और एढक्र अधिनयम के तहत कार्यवाही करें और लेबर सेस 10% अतिरिक्त चार्ज लगा कर सारे आउट सोर्सिंग मीटर रीडर कर्मचारियों की न्याय दिलाने की मांग की है।

# ग्रामीणांचल में व्रती महिलाओं ने मनाया हरतालिका तीज

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** तहसील क्षेत्र के सभी गांवो में हरतालिका तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ब्रती महिलाओं व कन्याओं ने स्थानीय मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव व मां पार्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की। हरतालिका व्रत को हरतालिका तीज या तीजा भी कहते हैं। यह व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हस्त नक्षत्र के दिन होता है। इस दिन कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां गौरी शंकर की पूजा करती है। विशेषकर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और बिहार में मनाया जाने वाला यह त्योहार करवा चौथ से भी कठिन माना जाता है। क्योंकि जहां करवा चौथ में चंद्र देखने के उपरांत संपन्न कर दिया जाता है। वही इस व्रत में पूरे दिन निर्जल व्रत किया जाता है और अगले दिन पूजन के पश्चात ही व्रत संपन्न होता है। इस व्रत से जुड़ी एक मान्यता यह है कि इस व्रत को करने वाली स्त्रियां पार्वती जी के समान ही सुख पूर्वक पतिरमण करके शिवलोक को जाती हैं। सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने और अविवाहित युवतियां मन अनुसार वर पाने के लिए हरितालिका तीज का व्रत करती हैं। सर्वप्रथम इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव शंकर के लिए रखा था। इस दिन विशेष रूप से गौरी शंकर का ही पूजन किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली स्त्रियां सूर्योदय से पूर्व ही उठ जाती हैं, और नहा धोकर पूरा श्रृंगार करती हैं। पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरी शंकर की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके साथ पार्वती जी को सहमें भजन-कीर्तन करते हुए जागरण कर तीन बार आरती की जाती है और शिव पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है। कोरांव तहसील क्षेत्र के कपासी कला स्थित शिव मंदिर, देवघाट शिव मंदिर, महुआव धाम शिव मंदिर, समेत नगर पंचायत कोरांव के शिव मंदिर पर व्रती महिलाओं एवं युवतियों की भारी भीड़ देखी गयी। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन किए गए।

## पति के लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा तीज व्रत



**जंघई।** तीज पर्व पर मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए पति के लम्बी आयु एवं अविवाहित कन्याओं ने मनवांछित पति की प्राप्ति के लिए भगवान शिव व माता पार्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। शिव मंदिर देवालय में सुबह से देर रात्रि तक भीड़ लगी रही खरीदारी के चलते बाजारो में भी रौनकता बनी रही।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हरियाली तीज के ही दिन माता पार्वती ने कठोर तप किया था और इसी से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया था।यही कारण है कि इस दिन व्रत रखने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इस दिन को सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष माना जाता है महिला इस दिन सच्ची श्रद्धा से भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना करती हैं उनकी सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। महिलाओं एवं कन्याओं द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए दूध, दही, मिष्ठान, गंगाजल अर्पित किया गया एवं माता पार्वती को सिंदूर, सुहाग, धूप, दीप, अक्षत, पुष्प, वस्त्र अर्पित करके हरियाली तीज कथा का पाठ किया गया।

# जिला व मंडल स्तरीय माध्यमिक तैराकी में प्रिंसी प्रथम व रोशनी दूसरे स्थान पर रही

### प्रतियोगिता में उत्कृष्ट छात्राओं को किया गया सम्मानित

**करछना।** के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा की हाई स्कूल की छात्रा प्रिंसी निषाद व रोशनी निषाद ने जिला स्तरीय समेत मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालय के बालिका वर्ग की तीनों प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय के सुपर चैंपियन स्थान प्राप्त किया । इसके साथ ही तैराकी की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही दसवीं की छात्रा प्रिंसी निषाद और दूसरे स्थान पर रही रोशनी निषाद प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए चयनित भी हो गई। यह जानकारी लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा के खेल शिक्षक सुरेश सिंह और टीम मैनेजर व शिक्षक क्षितीश तिवारी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि जिला व मंडल स्तरीय माध्यमिक तैराकी की तीनों प्रतियोगिता में जिसमें 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर की फ्रीस्टाइल तथा 50 मीटर बैक स्ट्रोक की तैराकी प्रतियोगिता प्रयागराज के तरणताल स्थित बॉयज हाई स्कूल एंड कॉलेज में 28 अगस्त रविवार को बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही प्रिंसी निषाद व द्वितीय स्थान पर रही रोशनी निषाद को प्रतियोगिता के संयोजक व केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज चौक के प्रधानाचार्य संदीप सिंह राठौर की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए पुरस्कृत भी किया गया।




## न्यूज झरोखा

### बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह, मदद का दिया भरोसा, बांटे सामग्री



**मेजा रोड।** बाढ़ की त्रासदी झेल रहे लोगों के बीच गिरिराज चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दर्द साझा करते हुए राहत सामग्री दिए इस त्रासदी में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मंगलवार को भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के बरसैता, जनवार,लोहारी सहित आदि गांवो में पहुंचकर टोंस नदी की भयावहता झेल रहे लोगों को राहत सामग्री बांटी। भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने कहा कि बाढ़ की त्रासदी में जिनके घर डूब गए हैं उनके परिजन भूखे नहीं रहेंगे??। उन्होंने पार्टी से जुड़े लोगों से अपील किया की इस त्रासदी में जितनी मदद लोगों की हो करते रहिए भाजपा का सबका साथ सबका विकास का संकल्प जाया नहीं जाना चाहिए यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सुने पाए।इस दौरान मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, राकेश श्रीवास्तव तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाटी राहत सामग्री

**प्रयागराज।** महिला व्यापार मंडल ने सिविल डिफेंस की मदद से सलोरी के घनी आबादी वाले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री ब्रेड, दूध के पैकेट बिस्कुट, दवाई, मोमबत्ती, माचिस का नाव से जा कर ,वितरण किया। अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन ने कहा इस मुसीबत की घड़ी में सभी को साथ आना चाहिए और बढ़ चढ़ कर प्रभावित नगरवासियों की मदद करनी चाहिए। महामंत्री पल्लवी अरोरा ने कहा की स्थिति दयनीय है और भीषड़ है, आप सभी को विभिन्न साधनों से बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुंचाई, सिविल डिफेंस के डिप्टी पोस्ट वार्डन चेतन आर्या और फायर फाइटर अफजल खान ने पूरे इलाके में साथ में वितरण कर लोगों को राहत पहुंचाई।

### आदर्श रामलीला कमेटी रामनगर में डुवा का हुआ गठन

**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर मेंडुवा स्थित आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा भव्य रामलीला का मंचन हो सके इसके लिए एक बैठक बुलाई गई। जिसमें पुरानी कमेटी को बहाल करते हुए सर्व सम्मति से कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता, उप प्रबंधक भागेलू यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, उप कोषाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, संचालक राम चंद्र पांडे व मानसिंह तथा उपसंचालक जय सिंह व राम मिलन यादव एवं मंत्री विद्याधर पांडे घोषित किए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि आदर्श रामलीला का मंचन एवं अनुभवी पात्रों द्वारा सुंदर अभिनय 26 सितंबर से शुरू होकर 6 अक्टूबर तक किया जाएगा तत्पश्चात दशहरे का मेला का आयोजन होगा।

### बिजली आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मऊदोस्तपुर स्थित विधुत उपकेंद्र को आपूर्ति करने वाला विधुत आए दिन कई कई घंटा ठप रहती है। मऊआइमा पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब अंसारी ने मुख्य अभियंता को पत्र लिख कर बुनकरों की समस्याओं से अवगत कराया है। मऊआइमा पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शोएब अंसारी ने मुख्य अभियंता विधुत वितरण निगम प्रयागराज को पत्र लिख कर अवगत कराया है कि मऊआइमा नगर पंचायत को विधुत आपूर्ति मऊदोस्तपुर उप केंद्र से होता है। अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि सोरांव 33 केवी से आयी बिजली के तारों के पास थोडी थोडी दूर पर वृक्षों की डालें आ गई है।और तारों को घेर लिए हैं। जिससे थोडी सी बारिश एंव हवा चलने पर लाइन ट्रिप कर जाती है। अध्यक्ष शोएब अंसारी का आरोप है कि मार्च माह में एक प्राइवेट कंपनी को पेडों की कटिंग का ठेका दिया गया था। परन्तु वह थोडा बहुत कटिंग करके चला गया। जिसका खमियाजा मऊआइमा के बुनकरों को भुगतना पड़ रहा है।



# खेल के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान विषय पर गोष्ठी

**नैनी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से खेल के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश एवं मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति शुक्ला विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग, प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कॉलेज प्रयागराज रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रो. एके झा ने किया। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में विभिन्न खेल प्रतिस्पधाओं के संदर्भ में महिलाओं के समक्ष उपस्थित होने वाली बाधाओं से निजात पाने के लिए उपाय व सुझाव दिए। मुख्य अतिथि ने खेल के महत्व पर चर्चा की। समन्वयक डॉ. धीरेंद्र द्वारा भारत में खेलों के विकास के इतिहास पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भास्कर शुक्ल ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. महेंद्र, डॉ. दीपक, डॉ. अनुभा, डॉ. अर्चना राय, डॉ. निरुपमा यादव, डॉ. पूनम शुक्ला, डॉ. सुरेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ छात्र पहुंचा स्कूल, हड़कंप

**सोरांव।** मंगलवार को सोरांव स्थिति एक विद्यालय में उस समय हड़कम्प मच गया। जब कक्षा 10 में पढ़ने वाला छात्र अपने बैग में कॉपी किताब के अलावा बैग में तमंचा लेकर पहुँचा। रोज की तरह विद्यालय के गेट पर बच्चो का बैग चेक कर रहे शिक्षकों के होश उड़ गए। आनन फानन में शिक्षकों ने तुरन्त इस घटना की जानकारी अपने संस्था के उच्च अधिकारियों को दी। मौके पर विद्यालय प्रशासन ने बच्चे को इस तमंचे को लेकर स्कूल आने के बारे में कई बार पूछताछ की। लेकिन बच्चे ने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया तो विद्यालय प्रशासन ने इसकी जानकारी सोरांव पुलिस को दी। पुलिस ने तमंचे को कब्जे में लेकर बच्चे से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया की बच्चा धामापुर का रहने वाला है और उसके पिता अशोक कुमार यादव जमीन व्यवसाई हैं और उनके दो पुत्र हैं दोनों ही इसी विद्यालय में पढ़ते हैं। बड़ा पुत्र 15 वर्षीय तमंचा लेकर विद्यालय पहुँचा था।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने शुरू की जन चौपाल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** देश में बेतहाशा बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के आवाहन पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी की अगुवाई में करछना क्षेत्र के बरदहा गांव में जन चौपाल लगाया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने किया ?। जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने जन चौपाल में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए इस समय देश में महंगाई अपने चरम पर है। लोगों में त्राहि-त्राहि मची है। आम जनमानस को अपना घर चलाना मुश्किल साबित हो रहा है।बेरोजगारी का आलम इस कदर बढ़ गया है कि युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। इस समय देश मुश्किल के दौर से गुजर रही है। वही भाजपा शासनकाल में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। आगे उन्होंने कहा कि जिस देश को कांग्रेश गुलदस्ते की तरह संजोया था, उसे भाजपा बर्बाद करने पर तुली है। इस शासनकाल में पूंजीपतियों का बोलबाला है। डॉक्टर सोनी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश में बढ़ी बेरोजगारी व महंगाई के विरोध में 4 अगस्त को दिल्ली में विशाल रैली किया जाएगा। जिसमें सभी लोग इस लड़ाई में आमंत्रित हैं। चौपाल का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पांडेय ने किया। इस मौके पर विवेक पांडे, संजय कुमार, राजेश तिवारी, बाबू गुप्ता, हीरामणि, मुन्नी देवी, श्याम बाबू भारतीय, बुदुल भारतीय आदि लोग मौजूद रहे।



# कोटेदार ने फिंगर तो लगवा लिया पर नहीं दिया खाद्यान्न!

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** तहसील कोरांव में इन दिनों कोटेदारों की चांदी है। लाख शिकायत कोई करे किंतु कोई सुनने वाला नही है। वाकेया है ग्राम पंचायत अल्हवा को कोटेदार का। आरोप है कि दो तीन माह का खाद्यान्न कोटेदार कार्ड धारकों से फिंगर मशीन पर लगवाने के बाद खाद्यान्न नहीं दिया। जबकि जून माह का भी खाद्यान्न सितंबर माह में फिंगर लगवा कर यह कह कर कार्ड धारकों को टरका दिया कि पहले फिंगर लगता है तब गोदाम से खाद्यान्न उठता है जब खाद्यान्न गोदाम से उठेगा तो वितरण करेंगे। जिससे नाराज कार्ड धारकों ने एसडीएम के यहां धरना दिया। जिसमें कई ग्राम प्रधान शामिल रहे। एसडीएम कोरांव ने बीडीओ और आपूर्ति इंस्पेक्टर को संयुक्त रूप से जांच करने का आदेश दिया। किंतु बीडीओ कोराव को जांच करने को समय नहीं मिल पा रहा। सरकारी काम काज मीटिंग आदि की व्यस्तता बताई जा रही। उधर ग्रामीणों को गुस्सा है कि कोटेदार द्वारा फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न दिया जाना घोर अपराध के बावजूद कोई ध्यान अधिकारी नहीं दिए। कार्ड धारकों का कथन है कि गल्ला कोटेदार ने बेंच लिया है। अब अधिकारी उसे गोदाम मेनटेन करने के लिए पर्याप्त समय दे दिए हैं जिससे वह बिका हुआ खाद्यान्न कहीं से अर्जेस्ट कर के गोदाम में रख ले, और यह दशार्या जा सके कि अभी खाद्यान्न वितरण ही नहीं किया है। घटतौली आदि मनमानी अनियमितता का पूरा गांव कोटेदार के खिलाफ चिल्ला रहा है। किंतु सकछम अधिकारी मौन हैं। जिससे गांव के प्रधान भी आश्चर्य चकित हैं। कार्ड धारकों का आरोप है कि एसडीएम कुरान के यहां गत दिनों कुल पछासों लोगों ने कोटेदार के खिलाफ बयान दिया है,किंतु कोटेदार मौज मस्ती करते तहसील ब्लॉक में घूम रहा है। इस बाबत एसडीएम का कथन है कि बीडीओ की जांच रिपोर्ट का इंतजार है,रिपोर्ट आने पर कार्यवाही कर दी जाएगी। उधर गरीब श्रमिक जो रोजाना कमाते खाते हैं उन्हें खाद्यान्न न मिलने से भूंखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव में कार्ड धारकों का कोटेदार के विरुद्ध इतना आक्रोश है कि कोटेदार की धुनाई भी हो सकती है। प्रधान अध्यापक प्रायमरी स्कूल अल्हवा पंकज कुमार दीक्षित के अनुसार एमडीएम का खाद्यान्न कोटेदार ने गोदाम से उठाने के बावजूद नहीं प्राप्त कराया। जिससे ग्राम प्रधान अल्हवा ने अपने स्तर से एमडीएम व्यवस्था संभाले हुए हैं। प्रश्न यह है कि जब खाद्यान्न गोदाम से उठा तो कहां गायब हो गया। इसी प्रकार आंगन बाणी कार्यकेर्टी श्रीमती सोनकली ने बताया कि कोटेदार ने खाद्यान्न नहीं प्राप्त कराया। जिससे असुविधा हुई। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने एसडीएम कोराब को कार्डधारकों का खाद्यान्न और एमडीएम,आंगनबानी का खाद्यान्न गबन किए जाने की लिखित तहरीर थाना पुलिस कोरांव के थाना प्रभारी आदि को दी है।

बता दें कि कोटेदार अल्हवा के विरुद्ध पूर्व में भी थाना कोराव में क्राइम नंबर 46/2011 धारा 3/7 आ खा अधिनियम के तहत मुकद्दमदर्ज है। न्यायालय में केस आरोप पत्र दाखिल हो जाने के बाद सुनवाई चालू हो गई है। साथ ही पूर्व एसडीएम कोरांव ने भी साधन के पक्ष में पांच हजार की राशि प्रतिभूति जब्त की जा चुकी है। गिर भी मनमानी कार्य प्रणाली पर सुधार नहीं आया जबकि एसडीएम ने चेतावनी भी दी थी। उसका कोटेदार ने उल्लंघन किया। देखना है संयुक्त जांच अधिकारी ऐसे भ्रष्ट कोटेदार के विरुद्ध क्या एक्शन लेते हैं और कब कार्यवाही करते हैं।

### पूर्व आईएएस मेधा महानायक को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** सामाजिक कार्य के लिए समाज व जनता के बीच रहकर हमारे देश के तमाम ऐसे जनसेवक चाहे वह प्रशासनिक सेवा में रहे हों या सामाजिक सेवा से सरोकार रहा हो अथवा राजनीतिक रूप से जनता के बीच रह कर समाज के हर वर्ग के गरीब परिवारों के बच्चों की देखभाल उनके बारे में सोचना कहां से किस तरह से उन गरीब बच्चों को सहायता प्राप्त होकर उनका उत्थान हो सके। ऐसे ही महान व्यक्तित्व के धनी मेधा महानायक स्वर्गीय लक्ष्मी कांत शुक्ल की पांचवी पुण्यतिथि पर सहसों में सोमवार को एक गोष्ठी के माध्यम से उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनको शत-शत नमन किए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राम सजीवन शुक्ला ने कहा पूर्व आईएएस मेधा महानायक लक्ष्मी कांत शुक्ला हमारे समाज के पहले ऐसे महान व्यक्ति थे जो समाज के हर वर्ग के गरीब छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए देश और प्रदेश की सरकारों से निरंतर प्रयास करते रहे। और उनका सपना साकार हो गया तथा गरीब छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध हो सकी। उन्होंने कहा हम सब ऐसे महानायक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर दिनेश चन्द्र शुक्ला, रमा शंकर शुक्ला, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, सचिन कुमार शुक्ला, कृष्ण कुमार पांडे वीरू, राजेश द्विवेदी, राम सिंह यादव, पारसनाथ गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# फटाफट दिया गणित व विज्ञान के सवालों का जवाब

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बीआरसी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, प्रथम दस बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग**



**शंकरगढ़।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2022-23 के तहत मंगलवार को विज्ञान एवं गणित विषय पर आधार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी शंकरगढ़ में किया गया। इसमें कई विद्यालयों के बच्चों ने सहभागिता की और गणित व विज्ञान के सवालों का जवाब दिया। बच्चों में गणित और विज्ञान के प्रति ललक पैदा करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नित नये प्रयास किए ज रहे हैं। इसी कड़ी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीईओ शैलपति यादव की उपस्थिति में विकास खंड शंकरगढ़ के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से कक्षा 6, 7 एवं कक्षा 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता के आयोजन में नोडल एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) कृष्ण कुमार सिंह व मनोज कुमार केसरवानी उपस्थित रहे। बीईओ शैलपति यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर विकास खंड से प्रथम 10 बच्चों को चयनित कर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिए जनपद स्तर पर भेजा जाएगा। जिसमें बच्चे अपने द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल को प्रदर्शित करेंगे। शैलपति यादव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के शैक्षिक संवर्धन में वृद्धि होगी एवं विज्ञान/गणित के क्षेत्र में बच्चों को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नित नए अविष्कार से सामना होगा। क्विज प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में विजय कुमार सिंह, नृपेंद्र सिंह, निर्मल वैश्य, संदीप कुमार सहयोगी के रुप में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कहीं पति पिटे तो कहीं पर पत्नी

**प्रयागराज।** पति और पत्नी के विवाद में मारपीट का दो-दो अलग मामला सामने आया है। करेली में महिला ने अपने पति पर मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कराया है तो कैंट में युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर पीटने की एफआईआर दर्ज कराई है। करेली इलाके में रहने वाली महिला का आरोप है कि उसके पति जयजीत ने उसे गाली दी। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। धमकी दी कि अगर पुलिस से शिकायत की तो उसकी हत्या कर देगा। दूसरी ओर म्योराबाद में एक युवक को उसकी पत्नी ने अपनी मां और भाई के साथ मिलकर पिटाई की है। युवक ने कैंट थाने में पत्नी समेत चार के खिलाफ मारने पीटने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि साजिश के तहत उसको बुलाकर पीटा गया।

# बक्सी खुर्द मोहल्ले में धारदार हथियार से महिला की हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दारागंज थाना क्षेत्र के बक्शी खुर्द मुहल्ले में मंगलवार को दोपहर में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घर में महिला अकेली थी। उसका पति किसी काम से शहर में निकला था। घर लौटकर आया था तो पत्नी की खून से लथपथ लाश मिली। सूचना मिलते ही एसएसपी, एसपी सिटी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। बक्सी खुर्द में आसिफ सिद्दीकी अपनी पत्नी सलमा सिद्दीकी के साथ रहते हैं। उनकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। फिलहाल पति-पत्नी अकेले रहते थे। मंगलवार की दोपहर में आसिफ किसी काम से शहर में निकले थे। दोपहर 12 बजे जब वह लौटे तो पत्नी की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। उनकी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। यह देख वह सन्न रह गए। शोरगुल मचाने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस के अलावा एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



घटनास्थल पर मौजूद एसएसपी

#### मृतका के पति का ई-रिक्शा का है बिजनेस

मृतका के पति राजू के पास करीब 12 ई रिक्शा है वह खुद ई रिक्शा चलाता है । साथ ही ई रिक्शा किराए पर चलाने का बिजनेस भी करता है ,उसके यहां ई रिक्शा वालों का भी आना जाना लगा रहता है पुलिस को शक है कि कोई जानने वाला ही कातिल हो सकता है । पुलिस कप्तान शैलेश पांडे ने बताया कि मृतका के पति के तहरीर पर पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए घटना का पदार्फाश करेगी।

## अखंड सुहाग की कामना लिए महिलाओं ने रखा तीज व्रत

**अखंड भारत संदेश**

**मंदिरों में हुई पूजा अर्चना, शाम को व्रत रखने वाली महिलाएं शिव-पार्वती की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठापना कर सविधि की आराधना**



**प्रयागराज।** पति की लंबी उम्र के साथ ही सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगलवार को हरतालिका तीज व्रत महिलाएं निर्जला रही। सुहागिन औरते घरो तथा मंदिरो मे शिव पार्वती की पूजा अर्चना की अखंड सुहाग के लिए हरतालिका तीज का निर्जला व्रत इस बार दुर्लभ योग लेकर आया था। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया मंगलवार को हस्त नक्षत्र के साथ शुभ योग में मनोवांछित फल देने वाला योग में पड़ा है जिसकी वजह से सभी महिलाओं ने समय अनुसार शिव पार्वती की पूजा अर्चना की ।पति की लंबी उम्र के साथ ही सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए हरतालिका तीज व्रत हर घरों में धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार की भोर में ही सुहागिन महिलाएं मौन धारण कर स्नान करने के साथ ही व्रत का संकल्प लिया। ज्योतिषाचार्य की माने तो इस बार तीज पर अनूठा संयोग बन रहा है। हस्त नक्षत्र से युक्त शुभ योग के बाद सौम्य योग में इस बार की तीज हर तरह की कामनाओं की पूर्ति करने वाली है। तीज व्रत रखने वाली महिलाएं शिव-पार्वती की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठापना कर सविधि आराधना की। इस व्रत का पारण आज यानी बुधवार को होगा।

## केशव प्रसाद मौर्य ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने नाव से दारागंज, बक्शी बांध, पत्रकार कालोनी, राजापुर, गंगानगर सहित कई इलाकों का दौरा किया। बाढ़ में फंसे लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उनके साथ पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डिप्टी सीएम मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे और बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और हर मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि रहात शिविरों में रहने वाले बाढ़ प्रभावितों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बाढ़ से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता की जाएगी। इसके पूर्व प्रयागराज में बाढ़ क्षेत्र के निरीक्षण के लिए जाते हुए रास्ते में सेंट मेरी स्कूल के सामने एक सड़क दुर्घटना हो गई थी। दुर्घटना स्थल पर भीड़ देखकर केशव मौर्य ने अपनी फ्लीट रुकवाई । तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करके घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और चिकित्सक को घायल व्यक्ति का इलाज करने का निर्देश दिया। इस दौरान वहां लगे जाम को देखते हुए केशव ने अपने साथ चल रहे पुलिस के जवानों से ट्रैफिक कंट्रोल करने को कहा, ताकि वहां लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।





## बीएससी छात्रा से दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**भाग गया था मुंबई, प्रयागराज पुलिस ने भेजा जेल**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बीएससी की पढ़ाई कर रही किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित पुनीत तिवारी को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कौंधियारा थाने की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि अभी पीड़िता का बयान दर्ज नहीं हो सका है। उसकी मेडिकल रिपोर्ट भी पुलिस को नहीं मिल सकी है।

**लड़की के फोन करने पर बाइक पर ले गया था पुनीत :** कौंधियारा थाने की पुलिस का कहना है कि गोठी गांव निवासी पुनीत तिवारी की दोस्ती इस नाबालिग लड़की से थी। 10 अगस्त की रात लड़की ने फोन कर पुनीत को अपने घर बुलाया। पुनीत के पहुंचने के बाद लड़की अपने मकान से बाहर आई और फिर उसकी बाइक पर बैठकर उसके घर गई। वहां काफी देर तक एक साथ रहे, जहां उनके बीच शारीरिक संबंध भी बना। इसके बाद आरोपित पुनीत किशोरी को उसके घर छोड़ने के लिए जा रहा था, मगर रास्ते में किसी अनियंत्रित वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर वे दोनों सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए।

**एक्सीडेंट होने पर घायल छोड़ भाग गया था मुंबई :** इस हादसे में लड़की को गहरी चोट पहुंची थी। उसकी हालत देखकर पुनीत बेहद घबरा गया और उसे सड़क पर घायल पड़ा छोड़कर भाग निकला। कुछ दूर जाने के बाद उसने अपने भाई को फोन करके बुलाया और नैनी में जाकर इलाज करवाया। उसके हाथ में प्लास्टर बांधा गया। इसके बाद वह मुंबई भाग गया था जहां उसके पिता सिक्योरिटी गार्ड हैं। कार्यवाहक थानाध्यक्ष रवि शर्मा पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### मंत्री समूह व प्रमुख सचिव के आदेश भी पंचायत विभाग में दर किनार

**सोरांव।** जानकारी के अनुसार विगत 25 अगस्त 2022 को प्रभारी मंत्री पंचायती राज विभाग समूह द्वारा जारी पत्र के पत्रांक संख्या 4348 में यह दिशा निर्देश दिया गया कि सभी विकास खंडों में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर उन्ही ग्राम पंचायत अधिकारियों का चयन हो जो सबसे ज्यादा वरिष्ठ हों,और उन्ही को वित्तीय और प्रशासनिक जिम्मेदारी दी जाए। उसी क्रम में विकास खंड हंडिया के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश मिश्रा के स्थान पर प्रभारी एडीओ पंचायत अखिलेश कुमार यादव को वरिष्ठ क्रम का पालन करते हुए और प्रभारी मंत्री के आदेशों का पालन करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने पदासीन करते हुए जिम्मेदारी से पालन करने का आदेश भी दिए। लेकिन अभी भी उत्तर प्रदेश के बहुत से विकास खंडों में अपनी राजनीतिक पहुंच से कनिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर बने हुए है। उसी बात को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारियों ने प्रत्येक विकास खंड में समाचार पत्र के माध्यम से मंत्री समूह और प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के आदेश का पालन कराने की मांग की है।

## बेखौफ चोरों ने पांच दुकानों का ताला तोड़ पार किया लाखों का सामान

**अखंड भारत संदेश**

**पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ रही चोरी की घटनाएं, एक सप्ताह में दूसरी बार हुई चोरी से दहशत में ग्रामीण**



**फूलपुर।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चोर जहां बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं वहीं पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में नाकाम रही है। सोमवार की रात अज्ञात चोर चिरौडा. चौराहे पर स्थित पांच दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान पार करने में सफल रहे। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चिरौडा चौराहे पर टटिहरा गांव निवासी चंद्र प्रकाश सोनी ने सोने चांदी के आभूषण की दुकान खोल रखी है। प्रतिदिन की भांति सोमवार की शाम सोनी दुकान बंद कर घर चले गए। रात में मौका पाकर अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे हजारो रुपये के सोने चांदी के गहने चोरी कर ले गए। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो दुकानदार को सूचित किया। चोरी की सूचना मिलते ही भुक्तभोगी के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह बदहवास दुकान पर पहुंच तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। चोरों ने चौराहे पर ही स्थिति अन्य दुकानों को भी अपना निशाना बनाया। बेखौफ चोरों ने बबलू सोनार व अमर सिंह पटेल की दुकान का ताला तोड़ने के साथ ही चिरौड़ा चौराहे पर मोबाइल रिपेयरिंग एसेसरीज सहित नए मोबाइल के विक्रेता रामनाथ पट्टी निवासी पंकज मौर्या की दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे दो लैपटॉप, इनवर्टर, बैटरी सहित अन्य हजारो रुपये का सामान पार कर दिया। वहीं चोरी करने की नियत से पांचवीं दुकान का ताला तोड़ रहे चोरों की आहट मिलते ही मकान मालिक मुकुंद लाल पटेल ने शोर मचाया तो चोर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ कर वापस चली गई। ग्रामीणों ने बताया की रात्रि गश्त के नाम पर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### अरैल बांध से बाढ़ के पानी मे गिरी स्विफ्ट कार, कार में सवार थे युवक



**नैनी।** क्षेत्र के अरैल बंधा रोड पर सोमवार देर रात एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर खाई में बाढ़ के पानी मे समा गई। उसमें बैठे युवको ने किसी तरह अपनी जान बचाई और पानी से बाहर आए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे अरैल बांध रोड पर श्री महाकाल घाट गंगा आरती के सामने तेज रफ्तार स्विफ्ट कार 20 फिट नीचे महर्षि महेश योगी आश्रम की ओर खाई में गिर गई। उसमें सवार सभी समय रहते पानी से बाहर किसी तरह जान बचाकर ऊपर आ गए। कहीं कार बाएं ओर यमुना की ओर गिरती तो किसी को भी बचाना संभव नही था। 2016 में मवैया रोड पर डूबी फार्च्यूनर वाला हादसा दोबारा हो जाता। स्थानीय लोगो की माने तो उसमें 4 से पांच लोग सवार थे। सभी नशे में थे। जिससे यह हादसा हुआ।

### अनियंत्रित होकर पलटा गिट्टी लदा डंपर



**मेजा रोड।** मेजा के खौर गांव मे बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर एक गिट्टी लदा ट्रक पलट गया। जिससे बड़े वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। रात की वजह से गनीमत रही कि कोई राहगीरों का आना जाना नही था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि ट्रक ड्राइवर बाल बाल बच गया।बता दें कि मेजारोड-कोहड़ार मार्ग बरसैता के समीप टोंस नदी की बाढ़ की वजह से डूब गया है जिससे भटौती क्रशर प्लांट से निकलने वाली सैकड़ों ट्रकें मेजा के हनुमानगढ़ चौराहे से खौर गांव होते हुए मेजारोड निकल रहीं हैं। वहीं सोमवार की रात भटौती की तरफ से मेजारोड जा रही तेज रफ्तार गिट्टी लदा अट्ठारह चक्का ट्रक मेजा के खौर गांव के मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक का ड्राइवर बाल बाल बच गया। देखा जाए तो मेजारोड-कोहड़ार मार्ग बाढ़ की वजह से डूब जाने के कारण इस मार्ग पर लगातार वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। दिन रात सैकड़ों वाहन व प्लांटों से निकलनेवाले ट्रकों का आवागमन हो रहा है।

### निष्पादन में धैर्य जरुरी: प्रो. एके मिश्रा



**नैनी।** शोध या अनुसंधान कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विषय की गहराई में जाकर कुछ नए व उपयोगी तथ्यों को निकालना है। ऐसे कार्यक्रमों में समय लगता है। अतः इसे धैर्य और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए।उक्त बातें मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी), के पूर्व प्रोफेसर एके मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रो. मिश्रा यूसीईआर, नैनी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सोमवार से आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम (एफडीपी) ह्यरिसर्च डिरेक्शंस इन मशीन लर्निंग एंड बिग डाटा एनालाइजिंगह्व के उद्घाटन सत्र के बोल रहे थे। रिसर्च मोटिवेशन" पर व्याख्यान देते हुए प्रो. मिश्रा ने उन तरीकों के बारे में बताया जो संकायों को उनके शोध कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से चलाने में मदद कर सकते हैं। इस अवसर पर आईआईआईटी-ए, प्रयागराज से आए विशिष्ट वक्ता प्रो. शेखर वर्मा और शोध विद्यार्थी मानस गोगोई ने क्रमशः "इंट्रोडक्शन एंड ?प्लिकेशन्स ऑफ न्यूरल नेटवर्क्सह्व और ह्यप्रैक्टिकल इम्प्लीमेंटेशन्स ऑफ न्यूरल नेटवर्क्सह्व पर अपने विचार साझा किए।यूसीईआर के प्रिंसिपल प्रो. एचपी शुक्ला ने संकायों से कहा की वे छात्रों को उन ज्ञानवर्धक चीजों के बारे में जानकारी दें जो उन्होंने एफडीपी से सीखीं। यूआईटी के प्रिंसिपल प्रो. संजय श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे।सीएसई विभाग के प्रमुख डॉ. विजय द्विवेदी, प्रो. केएस दुबे, डीन छात्र कल्याण प्रो. नंदिता प्रधान, डीन कॉर्पोरेट एण्ड इंडस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई डॉ. दिव्या बरतिया सहित अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य मौजूद रहे।

### एआरटीओ को पीटकर छुड़ा ले गए अवैध बालू लदा ट्रक केस दर्ज

**करछना।** थाना क्षेत्र के धरवारा गांव के पास ट्रक पर ओवरलोड बालू लादकर ले जाते समय चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर कुछ अज्ञात लोगों ने एआरटीओ के सिपाही के साथ मारपीट कर ट्रक छुड़ाकर ले भागे। तहरीर मिलने पर दर्ज हुआ मुकदमा । रविवार देर रात को एआरटीओ परिवर्तन की टीम धरवारा गांव के सामने चेकिंग कर रही थी। उसी दरमियान एक ट्रक चालक ओवरलोड बालू लादकर मार्ग से गुजर रहा था। तभी चेकिंग कर रहे हैं सिपाहियों ने ट्रक को रोक लिया और वजन कराया गया। जिसमें ओवरलोड पाए जाने पर ट्रक को करछना थाने पर ले जाने के लिए कह रहे थे। लेकिन ट्रक ड्राइवर ने गाड़ी थाने पर ले जाने के लिए आना कानी करना शुरू कर दिया। इस पर आरटीओ के सिपाही गुलाब और सुभाष ने ट्रक में सवार होकर चालक के साथ करछना थाना की ओर ट्रक लेकर लगभग 500 मीटर बढ़े थे,तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोगों ने ट्रक को रुकवा कर सिपाहियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसके बाद ट्रक छुड़ाकर मौके से भाग निकले। शासकीय कार्य में बाधा डालने और सिपाहियों से मारपीट करने की शिकायत करछना थाने पर की गई। ट्रक वाराणसी के लहरतारा के शिवम सिंह के नाम से पंजीकृत है। थाना प्रभारी ने विश्वजीत सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### महिला को लोहे की राड से मारकर किया लहूलुहान

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर एक युवक महिला को लोहे की राड से मार कर लहूलुहान कर दिया। महिला ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बादलपुर कहली निवासनीय नीलम देवी पत्नी अशोक कुमार का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे लोहे की राड से मार कर लहूलुहान कर दिया। नीलम देवी ने मऊआइमा थाने में विनोद कुमार पुत्र नन्द लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## शाहपुर कल्याण उर्फ नेवादा गांव ने प्रदेश में बनाई अलग पहचान

**यहां जगह-जगह लगे हैं सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट और ओपन जिम की है सुविधा, प्रयागराज के इस स्मार्ट गाँव की है अनेकों खूबियां**

**अखंड भारत संदेश**









**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आने के बाद शहर के साथ-साथ गांव का भी तेजी से विकास हुआ है। गांव में भी अब शहर जैसी सुविधाएं देखी जा रही हैं और अगर इसकी बानगी देखनी हो तो आपको प्रयागराज आना होगा। होलागढ़ क्षेत्र का शाहपुर कल्याण उर्फ नेवादा गांव आधुनिक सुविधाओं की एक ऐसी मिसाल पेश कर रहा है जिसके चर्चे आसपास गांव के साथ-साथ पूरे जिले में है। इस गांव में कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, सड़कें पॉश इलाकों की तरह चौड़ी होने के साथ साथ गड्ढा मुक्त है। सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई है जो रात में दूधिया रोशनी से जगमगाती रहती है। गांव में अंत्येष्टि स्थल भी बनाया गया है। गांव के किसी भी घर में अगर कोई मृत्यु होती है तो अंत्येष्टि स्थल पर अंतिम संस्कार का पूरा प्रबंध किया गया है। इस स्थल को स्वर्गद्वार का दर्जा भी दिया गया है। इस गांव में कई मॉडर्न स्कूल भी है जिसको खूबसूरती के साथ सजाया गया है। इसके साथ गांव में ओपन जिम भी स्थापित है जिसमें बच्चों से लेकर हर उम्र के लोग अपना स्वास्थ्य दुरुस्त रखने के लिए एक्सरसाइज या कहें कि व्यायाम करते हुए नजर आते हैं। गांव पूरी तरीके से ओडीएफ भी है साथ ही साथ जगह जगह पर सार्वजनिक शौचालय भी बनाए गए हैं। प्रयागराज के साथ-साथ पूरे उत्तर प्रदेश में इस गांव की एक अलग ही पहचान होती जा रही है। नेवादा गांव के विकास के पीछे योगी आदित्यनाथ की मुहिम है जिसके चलते गाँव की महिला प्रधान ने महिलाओं का समूह बनाकर एक साल पहले प्रधान बनते ही काम शुरू किया। महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए यहा की महिलाओं को मनरेगा के तहत गांव में ही काम दे दिया गया। अब गांव की महिलाएं भी कहीं बाहर मजदूरी करने नहीं जाती। गांव में ही काम करती हैं और अपने परिवार की भी देख रहे करती हैं। सबसे खास बात गांव की महिलाओं को काम का एक रफ्तार मिल गई है। शहर से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर इस गांव में जब आप प्रवेश करेंगे तो आप को प्रवेश द्वार मिलेगा। गांव में किस वक्त कौन आया कौन गया इस लिहाज से सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के तहत गांव को सीसीटीवी से लैस किया गया है। गांव के लोगों को किसी तरह की दिक्कत ना हो या फिर रात के समय आने जाने में कोई समस्या न हो इसके लिए स्ट्रीट लाइट को भी लगाया गया है। इस गांव को और डिजिटल बनाने के लिए ऑप्टिकल फाइबर कि लाइन बिछाई जा रही है ताकि गांव वालों को इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सके। यही नहीं गांव के प्राथमिक विद्यालय में डिजिटल क्लास की शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही गांव के लोगो को हर छोटी बड़ी खबर की जानकरी देने के लिए लाउडस्पीकर भी लगाया गया है। इस गांव के तालाबों का सौंदर्यीकरण भी कराया जा रहा है। यही नही गांव के लोगों के लिए एक ओपन जिम भी बनवाया गया है जहां हर दिन गांव के लोग व्यायाम करते हुए नजर आते हैं।प्रयागराज के इस स्मार्ट गाँव मे जल्द ही एक तालाब में बच्चों के लिए नाव चलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है । यही नहीं बच्चों के लिए एक पार्क बनाकर झूला लगने की भी तैयारी है। आने वाले समय में गांव में सामुदायिक वैवाहिक स्थल बनाने के साथ ही गोबर गैस का प्लांट लगाने की योजना है। सभी काम को देखने के लिए एक सचिवालय का भी निर्माण करवाया है जहां पर बैठकर खुद प्रधान और जिला प्रशासन के अधिकारी इन सब कामों की मॉनटरिंग करते रहते हैं।

### मुंगारी टोल प्लाजा पर अवैध वसूली, एसडीएम से शिकायत

**हैंड मशीन से वसूली जा रही मोटी रकम, चालकों से अभद्रता कर रहे माफिया**

**करछना।** क्षेत्र के मुगारी गांव स्थित प्रयागराज-मिजार्पुर नेशनल हाईवे पर बने टोल प्लाजा पर इन दिनों ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। जिसका चालकों द्वारा विरोध कीए जाने पर जान से मारने की धमकी मिलती है। मामले की लिखित शिकायत एसडीएम से की गई, लेकिन वसूली का सिलसिला लगातार जारी है। जिससे टोल प्लाजा पर माफियाओं के वर्चश्व कायम है। बतादें की मेजा के भटौती निवासी रविशंकर पुत्र राम नरेश व कृष्ण कुमार पुत्र रंजीत यादव ने करछना एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए आरोपित किया है, कि मुगारी गांव स्थित प्रयागराज-मिजार्पुर नेशनल हाइवे पर बने टोल प्लाजा पर इन दिनों ट्रक चालकों से अवैध वसूली किया जा रहा है। माफियाओं द्वारा रात्रि में हैंड मशीन से पर्ची बनाकर चालकों से मोटी रकम वसूली जा रही है। चालकों द्वारा विरोध किए जाने पर माफिया गाली गलौज देते हुए मारपीट करने पर अमादा हो जाते हैं। आरोप है कि उक्त वसूली शहजवान खान द्वारा कराई जा रही है। इसमें मैनेजर शिवदत्त पारीक, आशीष राय मुन्ना व दीपक सिंह ने चालकों को डरा-धमकाकर जबरन रकम वसूले रहे हैं। इतना ही नहीं शिकायत कताओं ने प्लाजा पर हैंड मशीन द्वारा निकाली जा रही आधा दर्जन पर्चियों को भी उजागर किया है ,जिसमें अवैध वसूली का जिक्र है। उक्त शिकायत कताओं का यह भी आरोप है कि करछना एसडीएम रेनू सिंह ने उक्त प्रकरण को लेकर प्लाजा के पार्टनर से स्पस्टीकरण हेतु नोटिस भेज तीन दिनों में आख्या मांगी थी। लेकिन माफियाओं द्वारा एसडीएम के आदेश की अनदेखी कर अवैध वसूली में विलीन है। वहीं वसूली को लेकर शिकायत कताओं सहित चालकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर एसडीएम से संपर्क किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई। नवागंतुक सीओ अजीत सिंह चौहान ने बताया कि यह टोल प्लाजा का मामला है,जो प्रशासनिक अधिकारियों से संबंधित है। जिसकी जानकारी प्रशासनिक स्तर से ही मिल पाएगी। फिलहाल मामले की जांच किया जाएगा।

# मेंहदी लगे हाथों में पूजा का थाल लेकर महिलाओं ने किया तीज पूजन

## पतियों की सलामती के लिये दिन भर रखा निराजली व्रत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपने पति की सुख शांति व सलामती के लिये महिलाओं ने आज दिन भर निराजल व्रत रखा और शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना कर पति की सलामती के लिये मन्नतें मांगी। हिन्दू समाज में अधिकांष विवाहिताएं तथा ऐसी किषोरियां जिनका दो तीन वर्षों में विवाह की संभावना रहती है, इस कठिन निराजल व्रत को रखती हैं।

इसमें किषोरियां भावी अच्छा पति मिलने की मन्नतें मांगती हैं। शाम को पूड़ी, पकवान, फल, मिष्ठान का भोग लगाकर ईष्वर से मन्नतें मांगी गई। ज्यादातर हिन्दूओं के घरों में तथा कुछ मंदिरों में सामूहिक रुप से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद अपने पतियों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा उनके हाथों से जल ग्रहण किया। बता दें कि तीज और करवा चैथ हिन्दू समाज की महिलाओं के लिये महत्वपूर्ण होती हैं। तीज की तैयारी कई दिनों से महिलाएं कर रही थीं। हाथों में मेंहदी लगाकर और पूजा का थाल लेकर शाम होते ही महिलाएं पूजा में तल्लीन देखी गईं।



शिव मंदिर पर पूजन अर्चन करती सुहागिनें।

## हरितालिका तीज पर शिव मन्दिरों में महिला श्रद्धालुओं का तांता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हरितालिका तीज पर मंगलवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। सनातन संस्कृति के तहत श्रद्धालु महिलाएं देवाधिदेव महादेव व मां पार्वती का दर्शन पूजन कर कल्याण की कामना करती दिखीं। सुहागिन औरतों ने निर्जला व्रत रखकर पतिदेव की दीर्घ जीवन को लेकर भगवान शिव व मां पार्वती से आशीष मांगा। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सुहागिन महिलाएं सुबह से देर शाम तक व्रत अनुष्ठान के तहत महादेव को जलाभिषेक तथा पुष्प समर्पित करने को लेकर उत्साह मे दिखीं। वहीं घरों मे भी महिलाओं ने शिव पार्वती तथा गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष शाम की बेला में पूजन अर्चन कर मन्नतें मांगी। लालगंज नगर के प्राचीन शिव मंदिर, हरिहरमंदिरम, तिना चितरी स्थित बूढ़ेश्वरनाथ, देउम स्थित बाबा बूढेन्नाथ मंदिरों पर भी श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ आस्था को परवान चढ़ाती दिखी। वहीं बाजारों मे भी हरितालिका तीज के पर्व को लेकर साड़ी की दुकानों पर चहल पहल का माहौल दिन भर बना नजर आया।

## परियावां नगर पंचायत बनाने की कवायद शुरू

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** अगर सब कुछ सही सलामत रहा तो जल्द ही विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां के साथ अन्य गाव को जोड़कर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा नगर पंचायत बनाने का दर्जा मिल जाएगा, जिसकी कवायद भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने शुरू कर दी है। जिलाध्यक्ष के मुख्यमंत्री के नाम दिए गए प्रार्थना पत्र में कुंडा तहसील के परियावां बाजार बुनकरों की प्रमुख बाजार के साथ टेरीकाट हैंडलूम के लिए प्रसिद्ध है जिसे नगर पंचायत के रूप में गठित करने की मांग निरन्तर संगठन कार्यकर्ताओ के माध्यम से बनाने की मांग की जाती रही है जिसे प्रमुख बाजार परियावां को नगर पंचायत के रुप में गठन का प्रस्ताव आहूत कर स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है। यदि जनंसख्या में कुछ कमी होगी तो परियावां के आस पास की ग्राम पंचायत को जोड़कर जनसंख्या पूरी कर ली जाएगी। सोमवार की शाम से भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र का मुख्यमंत्री के नाम दिया गया प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिससे परियावां व आस पास के गाव के ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं।

# पाक्सो अधिनियम के तहत दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह ने बताया है कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने 16 वर्षीय नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी दारूल रसीद निवासी नूरपुर थाना मानधाता को दोषी पाते हुये 20 वर्ष की कारावास की सजा और 60 हजार अर्थदण्ड सहित दंडित किया है। वादी मुकदमा के अनुसार घटना 31 जुलाई 2014 समय लगभग दो बजे रात्रि की है कि अभियुक्त दारूल रसीद ने पीड़िता को बहला फुसलाकर एवं शादी का झांसा देकर कई बार बलात्कार किया और पीड़िता की माता एवं पिता को जानकारी होने के पश्चात अभियुक्त के घर शादी करने हेतु प्रस्ताव देने गये जिससे अभियुक्त दारूल के घर वाले एवं स्वयं अभियुक्त दारूल ने शादी से इनकार कर दिया। शादी के इनकार करने के बाद पीड़िता के पिता ने नौ सितम्बर 2014 को थाना मानधाता में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के पश्चात न्यायालय पाक्सो द्वारा विचारण किया गया। 29 अगस्त 2022 को सुनवाई करते हुये न्यायालय ने आरोपी दारूल रसीद को 20 वर्ष का कारावास एवं 60 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इस केस की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने की।

## 15 किलो गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के नवाबगंज थाना क्षेत्र के चैरही मोड के पास मंगलवार की भोर पहर लगभग साढ़े चार बजे मानिकपुर की तरफ से नवाबगंज की ओर आ रही चार पहिया गाड़ी में मुखबिर की सूचना पर आबकारी निरीक्षक पीयूष विक्रम व उपनिरीक्षक अनूप कुमार यादव ने अपने हम राही के साथ गाड़ी की तलाशी के दौरान 15 किलो 300 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया। पकड़े गए गए अभियुक्त ने पुलिस के पूछने पर अपना नाम विकास कुमार गुप्ता पुत्र राम स्वरूप गुप्ता मझकुरिया बैगाव पुरवा कोतवाली उन्नाव निवासी बताया जिसकी लिखा पढ़ी करके पुलिस ने विभिन्न धारा में न्यायालय भेज दिया।

# मंहगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली में शामिल हों कार्यकर्ताः सलूजा

## इंदिरा भवन पर रैली की तैयारी को लेकर हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंहगाई व बेरोजगारी के विरुद्ध दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की हल्ला बोल रैली में जाने हेतु तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डा. वी. के. सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी रणजीत सिंह सलूजा मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष डा. वी.के.सिंह ने दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली हल्ला बोल रैली की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा करते हुए भारी से भारी संख्या में दिल्ली चलो का नारा दिया। सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी व उ. प्र. युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस मंहगाई व बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर सदन से सड़क तक आंदोलन करती रही है, पर सरकार बहरी हो गयी है, जनता की आवाज सुन नही रही। उ0 प्र0 कांग्रेस कमेटी सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी रणजीत सिंह सलूजा ने सभी कांग्रेस के साथियों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ल, सरोज कश्यप, राम रतन तिवारी, बेलाल, सुनीता सिंह पटेल, प्रेम शंकर द्विवेदी, यमुना प्रसाद पांडेय, मुरली धर, दिलीप गौतम, हरिश्चंद्र सरोज, अब्दुल रहमान, राम चंद्र पांडेय, प्रशांत सिंह, पन्ना लाल सरोज, मो0 दिलशाद सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में पदाधिकारीगण।

## तोडफोड़ व चोरी को लेकर सात के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भूमिधरी जमीन पर सरकारी नापजोख के बाद पत्थर नसब की मेड़ तोड देने तथा तार चोरी को लेकर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना के भुआलपुर निवासी सुनील मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि लालगंज कोतवाली के धधुआ गाजन गांव में उसकी भूमिधरी है। कोर्ट के आदेश पर उसके खेत की मेडबंदी की गयी। धधुआ गाजन गांव के आरोपी रामप्रकाश, विमल, जियालाल, लाल बहादुर, राजाराम, रमाकांत, आशुतोष ने अटठाईस अगस्त को भूमिधरी जमीन पर पत्थर नसब की मेड़ तोड दी। बाडबंदी के लगाये गये तार भी आरोपी चोरी कर ले गये। आरोपियों ने पीडित की शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आशुतोष समेत सात के खिलाफ मंगलवार को चोरी तथा तोडफोड व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

## दलित की पिटाई पर चार के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर पीडित की पिटाई व धमकी को लेकर एक नामजद तथा तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के माधव का पुरवा निवासी कड़ेदीन के पुत्र देशराज सरोज ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात अगस्त को वह तिनमोहनिया तिराहे पर पान की दुकान पर खड़ा था। इसी बीच दिन में गांव के कन्धई के पुत्र चंद्रभूषण वर्मा तीन अज्ञात आरोपियो के साथ वहां पर आ गये। चंद्रभूषण ने पीडित को जातिसूचक गालियां दी। मना करने पर चारों आरोपियो ने लाठी डंडे से दलित की पिटाई कर दी। पीडित का कहना है कि उसने घटना को लेकर पुलिस को सूचना दी किंतु जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। इसके बाद पीड़ित ने सीओ से मिलकर इंसाफ की फरियाद की। सीओ रामसूरत सोनकर की फटकार पर सोमवार की रात आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है।

## मुर्गी फार्म से मुर्गी चोरी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गजरिया गांव में मुर्गी फार्म से एक व्यक्ति द्वारा मुर्गी चोरी का आरोप लगाया गया है। गांव के रहने वाले सतीश कुमार सिंह ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया और बताया कि गांव का एक व्यक्ति आए दिन उसके मुर्गी फार्म से मुर्गी चुरा ले जाता है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी चोर के पिता का शरारती तत्वों से सीधा संपर्क है जिससे वह जान से मारने की धमकी भी देता है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# वॉलीवाल प्रतियोगिता में टीम शिवसेना को जीत का खिताब, पुरस्कृत हुए खिलाड़ी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर स्थानीय ब्लाक के पूरे गुरूबक्श गांव में वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं एनवाईके द्वारा गांव मे मेजर ध्यानचंद्र स्मृति युवा यात्रा भी निकाली गयी। सोमवार की शाम हुई खेल प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया।

इसके तहत पिंडारी तथा टीम शिवसेना के बीच फाइनल मुकाबला रोमांचक दिखा। इसमें मनु तिवारी के नेतृत्व मे टीम शिवसेना ने विजय हासिल की। रेफरी प्रमोद शुक्ला ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। 7आयोजन में नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ के लालगंज ब्लाक समन्वय एनवाईवी अमन बरनवाल ने कहा कि खेल के आयोजनों से युवाओं मे रचनात्मक स्फूर्ति मिला करती है। वहीं उन्होंने कहा कि खेल के जरिए सदभावना का भी सामाजिक सरोकार सुदृढ़ हुआ करता है। इसके पूर्व युवाओं ने क्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर मेजर ध्यानचंद्र स्मृति यात्रा निकाली। इस मौके पर नीरज शुक्ला, साहिल तिवारी, दीनानाथ तिवारी, अंकुश केसरवानी, आदित्य तिवारी, प्रभाकर तिवारी आदि रहे।



वॉलीवाल प्रतियोगिता में रोमांचक खेल का प्रदर्शन करती टीमें।

## मारपीट के मामले में चार लोगों को दस वर्ष का कारावास, एक आदमी पर लगा अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय ने अभियुक्तगण दिनेष सुत लालूराम, अशोक कुमार, अच्छे लाल, बबलू सुतगण सीताराम व राकेष कुमार, सुरेष कुमार सुतगण बाबूलाल, रामजीत सुत राम खेलावन निवासी छतौना, थाना आसपुर देवसरा को धारा 304/149 भदवि में दस वर्ष का कारावास तथा धारा 325 भदवि में तीन वर्ष का कारावास तथा दो हजार रुपये का अर्थदण्ड व 323 में एक वर्ष का कारावास तथा 147 में दो वर्ष के कारावास से दण्डित किया।

बता दें कि वादी मुकदमा बरसाती सुत पूर्णमासी निवासी उपरोक्त ने इस आशय की सूचना दिया कि वादी के घर के पास चकरोड के बगल में पानी निकलने की नाली थी। नाली कुछ पट गई थी जिससे पानी रुकता था। यह लोग नाली से कुछ मिट्टी हटा दिये थे। 28 नवम्बर 2012 को शाम साढे.सात बजे चैथी राम, श्रीमती कलावती मना करने गये तो उपरोक्त लोग गाली गुप्ता देते हुए सभी लोग डण्डा लेकर आए। चिल्लाकर मारने-पीटने लगे। चिल्लाने की आवाज पर बडेलाल दौड़कर आए तो मुल्जिमान ललकारे तथा भाग गये। कलावती को गंभीर चोंटे आई। एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेष शर्मा ने किया।

## कंपोजिट विद्यालय का शौचालय अधूरा, ग्रामीणों ने की बीडीओ से की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के ग्राउंड में बने हुए शौचालय का निर्माण अधूरा होने के नौनिहालों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जल्द से जल्द निर्माण को पूरा करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।विकास खंड पट्टी के फत्तूपुर गांव सभा में बीरापुर खुर्द में स्थित प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय को कम्पोजिट विद्यालय बनाया गया है। खंड विकास अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में फत्तूपुर ग्राम सभा के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधान तथा सेक्रेटरी शौचालय को कागज पर पूरा दिखा दिया लेकिन अभी वह अधूरा पड़ा हुआ है।

# बदहाली पर आंसू बहा रहा लवाना बाजार

## सीसी रोड बनाये जाने की मांग

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां लवाना सड़क राजा का पुरवा से लेकर अदलाबाद लवाना बाजार तक जगह जगह जान लेवा गड्ढे हो गए है जिस पर राहगीर से लेकर स्कूली छात्र छात्राये गिरकर चोटहिल हो रहे हैं।हल्की सी बरसात में जान लेवा गड्डो में पानी भर जाता है। सबसे ज्यादा हालत लवाना बाजार की है जहां ग्राहकों को खरीददारी के लिए दुकानदारों के पास इसी जानलेवा गड्डो से होकर गुजरना पड़ता है। जब कि इसी लवाना बाजार से जनप्रतिनिधियों का आना जाना भी लगा रहता है। कभी लवाना बाजार की दुर्दशा सड़क की ओर देखना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गांव व बाजारों की जर्जर सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग को कड़े निर्देश दे रखे हैं। इसके बाबजूद भी लोक निर्माण विभाग अपनी आंखें बंद किये हुए है। न जाने अपनी आंखों से कब लवाना बाजार की जर्जर सड़क पर नजर उठा के देखेंगे। सड़क की दुर्दशा बद से बदतर होने पर स्थानीय ब्यापारियों में आक्रोश है। आक्रोशित व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान लवाना बाजार की बदहाली सड़क की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए लवाना बाजार की सड़क को सीसी रोड बनाने की पुरजोर मांग की है।



कीचड़ व गड्ढों में तब्दील लवाना बाजार।

## राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत मिलने पर हुए सम्मानित, खुशी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को लेखपाल से राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुये साथियों को लेखपाल संघ द्वारा समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। बतौर मुख्यअतिथि एसडीएम सौम्य मिश्र ने प्रोन्नत मिलने पर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में शासकीय कार्यो के प्रति लगन तथा निष्ठा व जनता की समस्याओं के निराकरण कराये जाने में पारदर्शिता ही सेवा का आदर्श हुआ करता है। उन्होंने राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए राजेन्द्र पाण्डेय, केडी पाण्डेय, अशोक दुबे, भोला नाथ, कुलदीप सिंह, सतीश पाण्डेय आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व संचालन लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी ने किया। सम्मान समारोह का संयोजन उपाध्यक्ष केके सरोज तथा मंत्री मो. अकरम ने किया। इस मौके पर राकेशकान्त मिश्र, प्रदीप सिंह, रामबिहारी मिश्र, अनुज कुमार, विजय कुमार, विनोद यादव, जूही बानो, राजेश उपाध्याय, शिवम सिंह आदि रहे। वहीं प्रोन्नत मिलने पर नये राजस्व निरीक्षकों के चेहरे पर कार्यक्रम में खुशी भी देखी गयी।

# प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान में पांच ठेले वालों पर 2500 वसूला जुमार्ना

## अम्बेडकर चौराहा, कम्पनी गार्डेन होते हुए मीरा भवन तक चला अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने शहर को साफ-सुथरा रखने के उद्देष्य से नगर में जहां अतिक्रमण हटाने का मुहिम चलाया, वहीं प्लास्टिक के उपयोग करने वाले व्यवसायियों के विरुद्ध चालान काटे जा रहे हैं। बीती शाम छह बजे के बाद शहर में अम्बेडकर चैराहा से शुरू हुआ नगर पालिका का अभियान कम्पनी गार्डेन होते हुए मीरा भवन गया जहां अतिक्रमण करने वाले ठेला, गुमटी वाले को खदेड़ा गया। वहीं पांच ठेलेवालों को प्लास्टिक का प्रयोग करने के आरोप में 2500 रुपये का जुमार्ना ठोंका गया।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह एवं ईओ मुदित सिंह के निर्देषन में शासन की मंषा के अनुरुप प्लास्टिक पर प्रतिबंध के चलते नगर पालिका नियमित रुप से अभियान चला रही है, लेकिन अभी भी प्लास्टिक का उपयोग करते लोग देखे जा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर तत्काल अंकुष लगाने की जरुरत है। इस अभियान में स्वच्छ भारत मिषन के वरुण कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक एसके सिंह, टीसी कपिल देव तथा सिविल लाइंस चैकी की पुलिस शामिल थी। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे घर से झोला, बैग व थैला लेकर ही बाजार जाएं।



ठेले वाले का चालान करते नगर पालिका के अधिकारी।

## अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 पुष्पराज सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अन्डरपास रेलवे क्रासिंग, रामलीला मैदान के पास से एक व्यक्ति शाहिद पुत्र महमूद निवासी काशीराम कालोनी सरोज चैराहा थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को एक किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 819/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर थाना कोहड़ौर के उ0नि0 रामजन्म पाण्डेय मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद स्थित कल्याणी मंदिर के पास से एक व्यक्ति अमित कुमार सरोज पुत्र अनिल कुमार सरोज निवासी औरंगाबाद थाना कोहंडौर, जनपद प्रतापगढ़ को 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कोहड़ौर में मु0अ0सं0 197/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### आज कौशाम्बी आएंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 31 अगस्त को कौशांबी के सिराथू तहसील और चायल तहसील क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे कम्पोजिट विद्यालय रसूलाबाद कोइलाहा आंगनवाड़ी केंद्र महागांव बृहद गो आश्रय स्थल मूरतगंज पल्हना निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज कादीपुर भड़ेसर स्कूल अमृत सरोवर अषाढा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक अतिथि गृह गेस्ट हाउस सायरा उद्यमियों और अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक प्रेस वार्ता मलिन बस्ती सिराथू सह भोज और राला में ग्रामीणों के साथ जन चौपाल आश्रम पद्धति विद्यालय काकोड़ा का निरीक्षण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कशिया पश्चिम का निरीक्षण जल जीवन मिशन परियोजना अफजलपुर वारी का निरीक्षण सहित विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण भ्रमण कार्यक्रम लगे हैं।

# खेत में काम कर रही महिला आकाशीय बिजली का हुई शिकार, हुई मौत

**महिला की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार चौकी इंचार्ज और लेखपाल**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 5 अजमतपुर में खेत में काम कर रही महिला पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 5 अजमतपुर निवासी कलुई देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी बसंत लाल मंगलवार को अपने खेत में काम कर रही थी अचानक लगभग 3:00 बजे गरज चमक के साथ बिजली कड़की और पानी बरसने लगा खेत में काम करने गई महिला पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी है परिजनों के अनुसार महिला खेत मे काम कर रही थी जो अन्य लोग खेत मे काम कर रहे थे पानी बरसने से घर चले गए पानी बंद होने के बाद भी जब महिला घर नही पहुंची तो परिजन खेत की तरफ गए देखा तो महिला मृत पड़ी थी शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए महिला को घर लेकर परिजनों ने राजस्व कर्मियों को सूचना देते हुए अझुवा चौकी में सूचना दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लेखपाल अंसार अहमद तहसील दार मनोज कुमार और अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है महिला की मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


महिला की मौत के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़ और मौके पर मौजूद पुलिस

### राक्सवारा गांव के कोटेदार पर राशन सामग्री न बांटने का आरोप

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत राक्सवारा के कोटेदार पर राशन सामग्री ना बांटने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है ग्रामीणों का कहना है कि राशन सामग्री की कालाबाजारी महिला कोटेदार के पति द्वारा की जा रही है जिससे कार्ड धारकों को उनके हिस्से का राशन नहीं मिल पाता है गरीबों को राशन न मिलने से उनके सामने 2 जून रोटी की समस्या उत्पन्न हो रही है कई बार मामले की शिकायत कार्ड धारको ने अधिकारियों से की लेकिन कोटेदार पर कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे कोटेदार का हौसला बुलंद है और प्रत्येक महीने वह गरीबों के हिस्से के राशन को कालाबाजारी कर मालामाल हो रहा है बताया जाता है कि बीते कई महीने से कोटेदार के पति का कालाबाजारी का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है महिला कोटेदार का पति दबंग किस्म का व्यक्ति है और वह कार्ड धारकों को डांट डपट कर भगा देता है कभी अंगूठा का निशान मशीन में ना लगने की बात कहकर कार्ड धारकों को उनके हिस्से का राशन कोटेदार द्वारा नहीं दिया जाता है सरकार द्वारा कोरोना काल में शुरू किया गया निशुल्क राशन को कार्ड धारकों को देने के बजाय कोटेदार का पति कालाबाजारी में लिप्त था लेकिन शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने कोटेदार पर कठोर कार्रवाई नहीं की है ग्रामीणों ने एक बार फिर आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कालाबाजारी में लिप्त राक्सवारा कोटेदार पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और कोटा को बर्खास्त कर महिला कोटेदार पर मुकदमा दर्ज करा कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### कौशांबी लोकसभा सीट पर बदल सकता है चुनावी समीकरण!


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलते पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार

**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव में सांसद विनोद सोनकर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं पूर्व सांसद जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार भाजपा के शीर्ष नेताओं के संपर्क में है बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से कौशांबी के पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार मिलने पहुँचे है दोनों के बीच कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के सियासी माहौल को लेकर काफी देर तक चचाएं होती रही जिले के तीनों सीट पर मुरझाए कमल को लेकर सियासत की नई गोट चलने के फिराक में भाजपा के शीर्ष नेता है राष्ट्रीय अध्यक्ष से पूर्व सांसद की मुलाकात के बाद कौशांबी लोकसभा सीट पर परिवर्तन की बयार की चर्चा राजनीतिक गलियारे में तेज हो गई है राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार की मुलाकात की फोटो तेजी से वायरल हो रही है।

### बालिका के गायब होने से परिजन परेशान



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के उजीहिनी आईमा गांव की 22 वर्षीय एक बालिका 29 अगस्त की शाम 5:00 बजे घर से बिना बताए शौच के बहाने घर से बाहर निकल गयी और वापस लौट कर नहीं आई है बालिका के वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो उठे हैं और बालिका की मां उमा देवी पत्नी प्रेमचंद्र ने बालिका को पूरी रात खोजबीन की लेकिन बालिका का कहीं पता नहीं चल सका जिस पर महिला उमा देवी ने चरवा पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गायब बालिका को खोजने की गुहार लगाई है।

### 60 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को सरकार देगी पेंशन

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तराखंड की तर्ज पर 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पत्रकारों को पेंशन देने का निर्णय लिया है सरकार के निर्देश का आदेश जिला अधिकारी को मिला है जिस पर जिलाधिकारी ने 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पत्रकारों से आवेदन पत्र मांगा है जिससे पत्रकारों के आवेदन पत्र को शासन को भेजा जा सके और पत्रकारों को पेंशन मिल सके

### आईआईटी विद्यालय में प्रवेश की तिथियां घोषित

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य,राजकीय आई0टी0आई0 श्री के0के0राम ने राजकीय व निजी आई0टी0आई में प्रवेश हेतु पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए चयनित द्वितीय सूची परिषद द्वारा जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया है कि जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया है, वे अपना परीक्षाफल देखकर सम्बन्धित संस्थान में प्रवेश हेतु दिनांकः 04.09.2022 तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करें, प्रवेश प्रक्रिया रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में भी जारी रहेगी। दिनांकः 04.09.2022 के पश्चात किसी भी स्थिति में प्रवेश लिया जाना सम्भव नहीं होगा।

### जेठ ने बेटों के साथ मिलकर महिला को पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव की रहने वाली महिला शकुन देवी पत्नी संतोष सरोज का कहना है कि 28 अगस्त को उसकी बेटी खुशी के रिश्ते हेतु कुछ स्वजातीय लोग घर आए थे उनके जाने के बाद जेठ फूलचंद अपने बेटे संदीप गुड्डू पुत्री रेनू के साथ महिला के घर में घुस आए और बेटी खुशी की शादी का विरोध करने लगे जब महिला ने जेठ की बात नहीं मानी तो जेठ अपने बेटों के साथ मिलकर महिला को पटक कर बेरहमी से मारा है हमले में महिला को चोटे आई हैं महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

### रास्ते में दबंगों ने किया कब्जा ग्रामीण परेशान

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के मजरा दुर्गा सिंह के डेरा में रास्ते की जमीन पर अतिक्रमण कर दबंगों ने कब्जा कर लिया है ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व में नगर पंचायत के अधिकारी और लेखपाल ने फोर्स के साथ दबंगों के अतिक्रमण को हटवा दिया लेकिन दबंग दोबारा रास्ते में अतिक्रमण करके कब्जा कर रहे हैं मंगलवार को गांव के फूल चंद पुत्र बद्री प्रसाद समेत 2 दर्जन से अधिक ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र देकर दबंगों के अवैध कब्जे को खाली कराए जाने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि इसके पहले थाना दिवस मैं भी शिकायती पत्र दिया गया है जिस पर दबंग को रास्ते से दीवार हटाने का निर्देश दिया गया लेकिन उसने दीवार नहीं हटाई है।

### तालाब और चरागाह की भूमि पर कब्जा कर दबंग कर रहे खेती

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ऊनो ग्राम सभा के मजरा कुलौली में चारागाह की भूमि और तालाब की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया है चारागाह की भूमि पर कब्जा कर खेती किए जाने से पशुओं को चरने की समस्या उत्पन्न हो गई है सरकारी भूमि पर कब्जा कर खेती करने वालों से लेखपाल वसूली कर मालामाल हो रहा है कई बार मामले की शिकायत कुलौली गांव के वासुदेव पुत्र बैजनाथ ने आला अधिकारियों से कर बताया कि मनरेगा योजना से इस तालाब की खुदाई सरकार ने कराई है लेकिन तालाब में दबंगों ने कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया है शिकायतकर्ता को लेखपाल डरा धमका कर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा है कब्जा धारकों से शिकायतकर्ता का नाम बताकर लेखपाल विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहा है ग्रामीण लगातार अधिकारियों को शिकायती पत्र दे रहे हैं लेकिन झूठी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह कर लेखपाल सरकारी संपत्ति नहीं खाली करा रहा है 30 अगस्त को फिर वासुदेव ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर तालाब और चरागाह की भूमि पर धान की खेती और पेड़ लगा कर कब्जा किए जाने के मामले पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# दंगल मैदान में पहलवानों के बीच हुई कुश्ती

## लालता प्रसाद पहलवान बने अखाड़ा चैंपियन


अखाड़ा चैंपियन को इनाम में साइकिल देते अखाड़ा

अखंड भारत संदेश

**बैरमपुर कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के धवाडा ग्राम पंचायत के दंगल मैदान में कुश्ती का आयोजन किया गया जहां 2 दर्जन से अधिक रोचक कुश्तिया हुई अखाड़ा चैंपियन लालता प्रसाद पहलवान बने जिन्हें इनाम में साइकिल देकर अखाड़ा कमेटी ने उनका हौसला बढ़ाया अन्य पहलवानों की जीत पर उन्हें नगद और सामान उपहार में देकर उनका हौसला बढ़ाया गया अखाड़ा का आयोजन ग्राम प्रधान मीरा देवी पत्नी दिलीप कुमार की देखरेख में आयोजित किया गया है जहां इलाके के पहलवानों के साथ-साथ दूसरे जिले के भी तमाम नामी पहलवानों ने कुश्ती में हिस्सा लेकर दंगल को रोचक बनाया अखाड़ा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लाल बहादुर कमेटी अध्यक्ष ओम नारायण त्रिपाठी भास्कर त्रिपाठी सुभाष सिंह बबलू सिंह अवनीश सिंह दिनेश सिंह चंदेल रविंद्र सिंह चंदेल सहित इलाके के हजारों ग्रामीण अखाड़ा की कुश्ती देखने के लिए घंटों मौजूद रहे।


अखाड़ा में पहलवानों का हौसला अफजाई करते आयोजक गोपी मौर्य

### भैरायें गांव में हुआ विशाल मेले और दंगल का आयोजन

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के भैरावां ग्राम सभा मे विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का जमावड़ा दिखा है मेले में महिलाओं के लिए मीना बाजार सहित खाने पीने की वस्तुएं चाट समोसा जलेबी तमाम प्रकार फास्ट फूड का लोगों ने जमकर आनंद लिया है मेले में लगाए गए दंगल में क्षेत्र के तमाम पहलवानों ने कुश्ती का प्रदर्शन किया है रोचक कुश्ती देखने के लिए ग्रामीण घंटों मेला परिसर में मौजूद है मेले के आयोजक गोपी मौर्य और उनकी कमेटी ने जीते हुए पहलवानों को नगद पुरस्कार देकर उनका हौसला अफजाई किया है।



## पूरे दिन उपवास रह कर महिलाओं ने की गौरा पार्वती की पूजा

**कौशांबी।** हरितालिका तीज के पर्व पर पूरे दिन उपवास रहकर महिलाओं ने देर शाम गौरा पार्वती की विधि विधान से पूजा की है मंगलवार की शाम को सभी शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही जहां पुष्प बेलपत्र दूध दही शहद श्रृंगार की सामग्री सहित विभिन्न पूजन सामग्री से गौरा पार्वती की महिलाओं ने विधि विधान से पूजा कर देश समाज परिवार के कल्याण की कामना प्रभु शिव पार्वती से की है बताते चलें कि हरितालिका तीज के व्रत पर 36 घंटे महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं खाने पीने की बात तो दूर एक बूंद पानी पीना भी इस पर्व पर गुनाह माना जाता है जिले की लाखों महिलाओं ने हरितालिका तीज के पर्व पर उपवास कर शिव मंदिरों में गौरा पार्वती की पूजा की है देर शाम भजन कीर्तन का आयोजन कर शिव पार्वती के गुणों का बखान महिला मंडली द्वारा किया गया है पूरे जिले में हरितालिका तीज के पर्व की धूम रही।

### बलि का बकरा बन गए सीओ कोतवाल बच गए डीएम एसपी

**कौशांबी।** मोहर्रम के पर्व पर कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पूरब सहित कई गांव में ताजिया के विवाद में चौकी इंचार्ज मूरतगंज धीरेन्द्र सिंह कोखराज कोतवाल गणेश प्रसाद सिंह और सिराथू क्षेत्राधिकारी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी है तीनों को अपनी तैनाती स्थल से हटा दिया गया है मोहर्रम के पर्व पर कशिया पूर्व और उसके आसपास के कई गांव के लोगों ने विद्युत तार हटाए जाने के बाद ताजिया उठाने का फैसला किया था कई दिनों तक अधिकारियों और ताजिया दारो के बीच बातचीत होती रही लेकिन मामले का निस्तारण नहीं हो सका विद्युत तार ना हटाए जाने से नाराज लोगों ने ताजिया उठाने से इनकार कर दिया ताजिया के मामले पर पल-पल की रिपोर्ट शासन ले रहा था जिस पर कशिया पूरब और उसके आसपास गांव में ताजिया ना उठाए जाने की रिपोर्ट तमाम एजेंसियों ने शासन को भेज दी जिस पर शासन ने मामले को गंभीरता से लिया और मूरतगंज चौकी इंचार्ज कोखराज कोतवाल के साथ-साथ क्षेत्राधिकारी सिराथू को बलि का बकरा बनाते हुए हटा दिया है सूत्रों की माने तो मामले में डीएम एसपी पर भी शासन से कार्रवाई हो सकती है लेकिन विद्युत तार ना हटाए जाने में जिद पर अड़े अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता पर कार्यवाही नहीं हो सकी है जबकि ताजिया ना उठाए जाने के पीछे विद्युत तार का मूल विभाग था यदि विद्युत अधिकारियों के इस जिद्द को शासन ने गंभीरता से लिया तो विद्युत अधिकारियों पर भी गाज गिरना तय है।

### सीओ डॉ कृष्ण गोपाल सिंह भेजे गए अलीगढ़

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिदेशक मुख्यालय लखनऊ ने प्रदेश में सात क्षेत्राधिकारियों पीपीएस के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं पीसी मीणा अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा जारी किए गए सात क्षेत्राधिकारियों के स्थानांतरण में कौशांबी जिले के सिराथू सर्किल क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह भी शामिल हैं कृष्ण गोपाल सिंह को अलीगढ़ जनपद स्थानांतरित किया गया है इसके साथ ही अलीगढ़ जनपद में तैनात नरेन्द्री सैनी को पीटीएस मेरठ भेजा गया है विनीत कुमार को अलीगढ़ से गोंडा अभय कुमार पांडेय को प्रतापगढ़ से अलीगढ़ सुबोध गौतम को चित्रकूट से प्रतापगढ़ गोपाल सिंह को सहायक सेनानायक आगरा से सुरक्षा अधिकारी नागरिक उड्डयन लखनऊ और अमरनाथ यादव विशेष जांच मुख्यालय लखनऊ से सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के पद पर भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### राम वन गमन मार्ग पर मिली आपत्तियों की सुनवाई की तिथि निर्धारित

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय मार्ग संख्या 731ए(राम वनगमन मार्ग) के कौशाम्बी जनपद में चार लेन चौडीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य की अधिसूचना/प्रकाशन के उपरान्त प्राप्त 102 आपत्तियां/प्रत्यावेदनों का राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3सी के तहत सुनवाई कर निस्तारण के लिए तिथि निर्धारित की गई है, सुनवाई कक्ष संख्या 20 कलेक्ट्रेट में की जायेगी। यह जानकारी सक्षम प्राधिकारी/अतिरिक्त उप जिला मजिस्ट्रेट(भू0अ0) ने देते हुए बताया है कि ग्राम-मोहम्मदपुर असवा की सुनवाई 03 सितम्बर 2022 को की जायेगी। इसी प्रकार ग्राम-परसरा, भेलखा व पाता की सुनवाई 06 सितम्बर एवं रसूलपुर गिरछा, सैंता व असदुल्लापुर रोही की सुनवाई 09 सितम्बर तथा ग्राम- बिसारा,सिधिया आमद करारी व अन्य अवशेष समस्त ग्राम की सुनवाई 12 सितम्बर को की जायेगी।

# कर्मठ जुझारू कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी राम प्रकाश मिश्रा बने प्रांतीय उपाध्यक्ष

**कई वर्षो से लगातार अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे है रामप्रकाश मिश्रा एडवोकेट**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार निवासी राम प्रकाश मिश्रा एडवोकेट उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघटन के प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाए गए है जिससे जनपद कौशांबी के अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है आपको बता दे कि राम प्रकाश मिश्रा एडवोकेट ने जबसे संगठन में अपना योगदान दिया है तबसे आज तक पीछे मुड़कर नही देखा दिन प्रतिदिन वह उचाइयो की और अग्रसर होते जा रहे है जिससे इनके विरोधी परास्त होते जा रहे है। इतना ही भी इनके कार्य शैली पर विचार किया जाए तो सन 2015 से 2018 तक कार्यकारणी सदस्य 2018 से 2021 तक प्रदेश सचिव वर्तमान तथा 2022 से 2025 तक प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघटन बनाए गए है रामप्रकाश मिश्रा एडवोकेट के मनोनयन से कस्बा भरवारी सहित जनपद वासी भी खुशी महसूस कर रहे हैं खुशी जाहिर करने वालो में रमेश त्रिपाठी राकेश आरोड़ा शैलेंद्र केशरवानी उर्फ. पन्नू अशोक द्विवेदी राजेश अग्रहरी दीपक पाण्डेय पत्रकार राजू सक्सेना आदि लोग शामिल है संघटन का चुनाव रॉबर्ट्स गंज सोनभद्र में हुआ।


एडवोकेट राम प्रकाश मिश्र को प्रमाण पत्र देते संगठन के पदाधिकारी

# गणेश पूजा को लेकर कोखराज थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** गणेश पूजा को लेकर जिले के सभी थाना क्षेत्र में पीस कमेटी का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में कोखराज थाना में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में इलाके के संभ्रांत लोग गणेश पूजा उत्सव कमेटी के लोग शामिल हुए इस मौके पर कोखराज थानेदार ने कहा कि शांति पूर्वक गणेश पूजा का आयोजन किया जाए और पूजा आयोजन के बाद कोई भी मूर्ति गंगा नदी में विसर्जित नहीं की जाएगी यदि गणेश उत्सव पूजा के बाद किसी कमेटी ने गंगा नदी में मूर्ति विसर्जन किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी त्योहारों में किसी तरह की कोई घटना न हो इसके लिए शासन ने जिलाधिकारी व कप्तान को निर्देश दिए हैं सभी थानों में इलाके में गणमान्य व्यक्तियों को बुलाकर पीस कमेटी की बैठक की जाए पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने अपने सभी मातहतों को आदेश का पालन करने का निर्देश जारी किया हैं। निर्देश मिलते ही कोखराज इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह इंस्पेक्टर राकेश रॉय चौकी इंचार्ज भरवारी सियाकांत चौरसिया चौकी प्रभारी मूरतगंज अभिषेक राय आदि लोगों की उपस्थिति में कोखराज थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई इंस्पेक्टर ने अपने थाना क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को बुलाकर गणेश उत्सव को लेकर मीटिंग किया इंस्पेक्टर ने कहा कि आप लोग आने वाले पर्व को शांति पूर्वक मनाए हमारी पुलिस आपके साथ है किसी तरह की कोई समस्या आने पर आप हमको सूचना दे हमारी पुलिस आपकी सुरक्षा सेवा में हमेशा ततपर है। गांव में आशान्ति का माहौल बनाने वालों को पुलिस चिन्हित कर रही है किसी तरफ की अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी। आप लोग किसी भी अफवाह व बहकावे में न आये आपसी भाईचारा बनाकर सभी लोग त्योहारों को मनाए।


पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित थानेदार पुलिस के जवान व संभ्रांत नागरिक

### पुनरीक्षित निर्वाचक कार्य में लगे अधिकारियों के स्थानांतरण पर रोक

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों यथा-जिला निर्वाचन अधिकारी (जिलाधिकारी), उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अपर जिलाधिकारी) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उप जिलाधिकारी), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, चकबन्दी अधिकारी/सहायक चकबन्दी अधिकारी आदि) तथा बूथ लेबल आफिसर्स को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि आलेख्य प्रकाशन दिनांक 09-11-2022 से अंतिमप्रकाशन दिनांक 05.01.2023 तक स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी गयी है। आयोग द्वारा यदि निर्वाचक नामावलियॉ के पुनरीक्षण कार्य से सम्बन्धित यथा-जिला निर्वाचन अधिकारी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पद रिक्त हो तो उन पदों पर दिनांक 09 नवम्बर 2022 के पूर्व तैनाती करने के निर्देश दिये गये है।

# अमृत सरोवर तालाब की खुदाई के नाम पर हो रहा है बड़ा खेल!

अखंड भारत संदेश

**पहले से बने तलाब को बना रहे है अमृत सरोवर**



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज बिकास खण्ड क्षेत्र में अमृत सरोवर तालाब बनाने के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है जो तालाब पहले से गहरे खुदे हैं उन तालाबों कि फिर से खुदाई करने के नाम पर फर्जी एमबी कर मनरेगा योजना से करोड़ों की रकम हड़पी जा रही है सब कुछ खुलेआम हो रहा है लेकिन फिर भी जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हुए हैं अवर अभियंता खंड विकास अधिकारी से लेकर पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की भूमिका अमृत सरोवर के खुदाई के मामले में सवालों के घेरे में है कई बार इलाके के लोगों ने तालाब की खुदाई में हो रही धांधली की शिकायत अधिकारियों से किया है लेकिन जांच के नाम पर केवल लीपापोती तक जिम्मेदार सीमित है अमृत सरोवर तालाब की खुदाई के नाम पर मनरेगा योजना में मजदूरों के कार्यों की सूची की यदि जांच हो जाए तो फर्जी खुदाई कर लाखों की सरकारी रकम हड़पने के ब्लॉक के अधिकारियों के इस खेल का खुलासा होना तय है। ताजा मामला मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बसेड़ी ग्राम सभा का है गांव में पहले से बने तालाब को अमृत सरोवर बनाने के नाम पर फर्जी तरीके से तालाब खुदाई का ड्रामा किया जा रहा है जिसके आड़ में लाखों की सरकारी रकम पर ब्लॉक अधिकारियों की गंदी नजर लग गई है बसेढी गांव के अमृत सरोवर की खुदाई के तहत 22 लाख रुपए से अधिक की रकम स्वीकृत हुई है फर्जी तरीके से एमबी की जा रही है फर्जी तरीके से अमृत सरोवर की खुदाई के मामले में यदि मुख्य विकास अधिकारी ने जांच कराई तो खंड विकास अधिकारी पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के कारनामे उजागर होना तय है लेकिन क्या अमृत सरोवर के नाम पर फर्जीवाड़ा के इस खेल पर आला अधिकारी जांच कराकर दोषियों को दंडित कर पाएंगे यह योगी सरकार की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

## मुल्तानी मिट्टी लगाने के बाद चेहरे पर क्या लगाएं



मुल्तानी मिट्टी स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होती है। चेहरे पर नियमित मुल्तानी मिट्टी लगाने से पिंपल्स, झाइयां, एक्ने और डार्क सर्कल्स की समस्याएं खत्म होती हैं। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि मुल्तानी मिट्टी लगाने के बाद चेहरा काफी ड्राई हो जाता है। जिस कारण अगर मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक हटाने के तुरंत बाद चेहरे पर कुछ न लगाया जाए, तो स्किन खिंची-खिंची लगती है और लंबे समय में ये झुर्रियों की समस्या बढ़ा सकता है। इसी कारण की वजह से नियमित मुल्तानी मिट्टी चेहरे पर लगाने के बाद चेहरे पर ग्लो भी कम होने लग जाता है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि मुल्तानी मिट्टी लगाने के बाद चेहरे पर क्या लगाएं, तो हम आपको बता रहे हैं कुछ अच्छे विकल्प।

मुल्तानी मिट्टी लगाने के बाद चेहरे पर क्या लगाएं

मुल्तानी मिट्टी चेहरे की कई समस्याओं को आसानी से दूर करने में फायदेमंद होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाने के बाद इसे नॉर्मल पानी से धोएं। चेहरे को टॉवल की सहायता से पोंछने के बाद एक अच्छे मॉइस्चराइजर से स्किन को मॉइस्चराइज करें। इससे स्किन को पोषण मिलेगा। ध्यान रखें अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो ऑयल बेस्ड मॉइस्चराइजर या जेल का प्रयोग न करें, बल्कि ऑयल फ्री मॉइस्चराइजर लगाएं। चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाने से चेहरे की ड्राईनेस दूर होगी, साथ ही चेहरे पर चमक भी बढ़ेगी।

इन नैचुरल मॉइस्चराइजर का भी कर सकते हैं प्रयोग

एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल स्किन को पोषण देने के साथ त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। त्वचा पर एलोवेरा जेल लगाने से स्किन को पोषण मिलेगा, जिससे स्किन चमकदार बनेगी। मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने के बाद स्किन पर एलोवेरा जेल लगाने से चेहरा ड्राईनेस से बचेगा और निखार भी बढ़ेगा।

ग्लिसरीन

ग्लिसरीन चेहरे के लिए बहुत फायदेमंद होती है। ग्लिसरीन नैचुरल मॉइस्चराइजर है। स्किन पर इसके इस्तेमाल से मुहांसे, फाइन लाइन्स और डार्क सर्कल्स की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

नारियल तेल

अगर आप मुल्तानी मिट्टी लगाने के बाद ड्राई स्किन की समस्या से परेशान हैं, तोचेहरे पर नारियल तेल लगा सकते हैं। चेहरे पर नारियल तेल लगाने के लिए थोड़ा सा नारियल तेल लेकर चेहरे पर मसाज करें।

चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाने के फायदे

त्वचा में निखार आता है

मुल्तानी मिट्टी चेहरे पर लगाने से त्वचा में निखार आता है। नियमित चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाने से टैनिंग की समस्या दूर होती है। मुल्तानी मिट्टी लगाने से चेहरे का कालापन दूर होकर चेहरे पर ग्लो बढ़ता है। हफ्ते में एक बार चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी को लगाया जा सकता है।

मुहांसे कम होते हैं

चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाने से पिंपल्स की समस्या खत्म होती है। मुल्तानी मिट्टी को चेहरे पर लगाने के लिए इसमें गुलाब जल भी मिला सकते हैं। मुल्तानी मिट्टी चेहरे से अतिरिक्त तेल और गंदगी को साफ करके स्किन को साफ करने में मदद करती है। मुल्तानी मिट्टी चेहरे पर लगाने से ऑयली स्किन की समस्या भी खत्म होती है।

# पलायन की तीसरी लहर के बावजूद उम्मीदें

बीते कुछेक महीनों में, स्वतंत्रता के 75वें साल के समारोहों के दौरान, दुखभरी यादों और व्यथा से संबंधित लेखों का निरंतर प्रवाह जारी रहा है। इनके लेखक अधिकतर विभाजन के बाद बचे लोगों की दूसरी या तीसरी पीढ़ियों के हैं। जब भारत नियति के साथ अपने साक्षात्कार की बात कर रहा था, पंजाब उससे पहले से ही आजादी के साथ अपना प्रथम सरोकार बनाने में लगा था। पंजाब के लोगों को एक बहुत बुरी तरह की त्रासदी झेलनी पड़ी जो एक मरणासन्न साम्राज्य द्वारा रचित और तुच्छ फायदों व विभाजन पर तुले स्वार्थी राजनेताओं द्वारा प्रोत्साहित की गयी थी। उसको लेकर किताबें लिखी गईं, विश्लेषण भी किये गये हैं लेकिन उस सिलसिले का कोई अंत नहीं हुआ। हां, उन लोगों के लिए वह क्रम एक तरह से बंद हो गया जो सरहद पार जाकर अपने गांवों और घरों के दर्शन करने और मुट्ठीभर मिट्टी वापस लाने में सक्षम थे... उन घरों की पवित्र माटी जहां उनकी पीढ़ियां-पुश्तें बसती रही थीं। उस मकान से एक ईंट उसकी यादगार के रूप में रखने के लिए, जो कभी होता था। बेशक, उनके उस पार गर्मजोशी से स्वागत करने के, उन पर उड़ेले गये प्यार और भेंट किये गये तोहफों के किस्से सामने आये। लेकिन क्या यह सब काफी है या फिर ऐसा है कि उक्त सारे कार्यकलाप व प्रयास उस दोनों तरफ के नरसंहार के दौर को विस्मृत नहीं कर पायेंगे।यह केवल उस समय हुए भयंकर रक्तपात के बारे में ही नहीं था, बल्कि इसके बाद हुए पलायन का जलजला भी था जिसमें दोनों ओर के लाखों परिवार रातोंरात शरणार्थी बन गए; जो अपने साथ कोई सामान नहीं ला सके, पैसा भी नहीं, जमीन भी नहीं थी, और न कोई व्यापार व न कोई नौकरी उनके पास थी। वे मार-काट के दौरान अपने मृतक परिजनों को छोड़कर तो जरूर चले आये लेकिन खुद भी जिंदा लाशभर थे। यह संभवतः इतिहास के सबसे बड़े पलायनों में से एक था। हालांकि, पंजाबियों ने इस त्रासदी को बहादुरी व हौसले से झेला, एक सक्रिय सरकार और प्रशासन की मदद के साथ जल्दी ही अपने बूते खड़े होने लगे। किसानों और व्यापारियों को सीमा पार छूट गयी उनकी मूल जायदाद के बदले में भूमि, मकान और दुकानें आवंटित किये गये गये। हालांकि पहले की तुलना में वह सब कुछ बहुत कम था और उन्होंने इस तरह खुद को पुनर्स्थापित करने का दुश्कर कार्य किया। ये प्रवासी लोग पहले तो वर्तमान में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, कानपुर, कलकत्ता, बम्बई आदि में रहने को चले गए लेकिन बाद में स्थाई तौर पर वहां बसे जहां बेहतरीन विकल्प उपलब्ध हुआ। हालांकि, लोगों की कड़ी उद्यमशीलता को देखते हुए, कुछ ही समय में, 'शरणार्थी' शब्द पंजाबी शब्दावली से बाहर हो गया।बाद में 1960 और 70 के दशक में जब सब कुछ व्यवस्थित होता नजर आने लगा और लगने लगा कि शांति और समृद्धि का दौर है तो हमारे पंजाब पर खून खराबे का एक नया स्रोत खुल गया। आप इसे जो चाहे कह लें, लेकिन इसने एक बार फिर पंजाब की आत्मा को झकझोर कर रख दिया। बता दें कि इस लेख का मकसद यह उल्लेख करना नहीं है कि यह कैसे हुआ। दरअसल, यह छल, साजिश व हिंसा का एक संजाल था; कई घाघ साजिशकर्ताओं द्वारा बुना गया और जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल था। हिंसा पहले टार्गेट किलिंग के तौर पर



शहरों से शुरू हुई लेकिन वह जल्दी ही देहात क्षेत्र में भी फैल गयी। ऐसे वाकयों की तादाद बढ़ गयी, वहीं उन्नत हथियारों का इस्तेमाल होने लगा व नयी तकनीक का उपयोग बढ़ गया। छोटे कस्बों से व्यापारी पलायन करने लगे वहीं बड़े शहरों अमृतसर, जालंधर, बटाला, मंडी गोबिंदगढ़ व लुधियाना आदि से उद्योगपति नया निवेश करने के विचार से पंजाब के बाहर स्थान खोजने लगे व चालू उद्योग-कारोबार को भी बाहर तब्दील करने की सोचने लगे। पुलिस और आतंकवादियों के दोहरे दबाव के बीच किसान खेती करने में असमर्थ हो रहे थे। इसके चलते वे अपने परिवारों को शहरों में बसाने लगे व कुछ तो जमीन भी बेचने लगे। ऑपरेशन ब्लू स्टार व श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद यह बूंदों के रूप में मौजूद सिलसिला बाढ़ में तब्दील हो गया। क्योंकि दिल्ली व देश के अन्य भागों में सिखों के खिलाफ हिंसा बढ़ गयी थी, ऐसे में पंजाब की ओर रिवर्स पलायन भी देखने में आया। यह वह समय था जब स्वतंत्रता सेनानी रहे नेताओं की पीढ़ी समाप्त हो चुकी थी। ऐसे में सरकार अकुशल व उदासीन थी, जिससे कोई राहत नहीं मिली। लंबे समय तक राष्ट्रपति शासन लगा रहा जिसका एकमात्र लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना व पंजाब को सुरक्षित रखना था जो 90 के दशक के मध्य तक पूरा हो सका।इसी बीच, पंजाबी नौकरियों, व्यापार, कारोबार और इंडस्ट्री स्थापना के सिलसिले में नयी जगहों पर गये। ऐसे में पंजाब औद्योगिक आधार से रहित हो गया। सरकारी महकमों का सामान्य कामकाज एक तरह से बंद हो गया और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर नहीं खुले। इन निराशाजनक हालात में, युवाओं ने यूके, कैनेडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, इटली व नीदरलैंड जैसे दूरस्थ आयामों का रुख कर लिया। इसी से पलायन की तीसरी लहर निर्मित हो गयी। यात्रा और संचार के आधुनिक साधनों के चलते इस प्रवास को मदद मिली। अशांत माहौल में लोगों के हिम्मत न हारने वाले रवैये के चलते नया मार्ग मिला,समुदायों ने प्रस्थान किया व वे अपने साथ अपने मूल स्थान का भी कुछ न कुछ अंश लेकर गये। वहीं जब एनआरआई लोगों को पंजाब के उन हालात में निवेश करने में स्पष्ट नाकामयाबी नजर आयी तो शुरुआत में अस्थाई समझा जाने वाला यह प्रवास स्थायी बन गया। उनकी नयी पीढ़ी को ऐसा कोई भ्रम नहीं और अपने 'नये संसार' में अच्छी तरह एकीकृत कर लिया।अब यह प्रवास बाढ़ का रूप ले चुका है जिसमें लाखों युवा मुश्किल से प्राप्य वीजा प्राप्त करने की होड़ में लगे हैं। साल 2000 के बाद से लेकर वर्तमान तक पंजाब में शासन करने वाली विभिन्न सरकारों के लिए शर्मसार करने वाली बात है कि किसी ने हमारे युवाओं के पुनर्वास का अल्पकालीन या दीर्घकालिक समाधान करने की कोशिश नहीं की। बिना किसी अपवाद के, सब के सब सुशासन को छोड़कर बाकी सब कुछ करने में व्यस्त रहे; सरकारें आती-जाती रहीं लेकिन गिरावट का सिलसिला नहीं थमा। इसी से प्रवास की तीसरी लहर की राह प्रशस्त हुई जो शायद अब तक की सबसे बड़ी थी। पंजाब की स्थिति ऐसी है जिसमें वह युवा रहित क्षेत्र बनने की प्रक्रिया में है- जो किसी राज्य रूपी इमारत की आधारशिला होते हैं। गांवों में बुजुर्ग इकट्ठे बैठकर पुराने वक्त की बातें करते हैं, उनमें से बहुत बुजुर्ग बाहर जा चुके हैं ताकि वे बुढ़ापा पेंशन ले सकें व अपने बच्चों की मदद कर सकें। जैसा कि हैमलेट नाटक में कहा गया कि 'डेनमार्क राज्य में कुछ तो गड़बड़ है'। तो ऐसे में बड़ा सवाल उभरता है कि हम यहां से जायें कहां? क्या फिर इस खराब व निराशाजनक परिदृश्य में से कभी बेहतर हालात पैदा होंगे? सरसरी तौर पर अध्ययन करें तो ऐसा शायद न हो सके लेकिन यदि पांच दरियाओं की धरती पंज+आब, जो सिंधु व इसकी पांच सहायक नदियों से नवाजी गयी भूमि है, की हमारी धरोहर को देखें तो एक आशा नजर आती है। इन नदियों से ढेर सारा इतिहास धारा के रूप में बहा लेकिन दुर्भाग्य से मानव का अधिकतर इतिहास युद्धों का इतिहास है। खासकर इस क्षेत्र में यह अपेक्षाकृत जरूरत से ज्यादा ही रहा। प्रारंभिक काल में हुआ सिकंदर-पोरस युद्ध, पानीपत की 3 लड़ाइयां, फिर आंग्ल-सिख युद्ध व हाल ही में पाकिस्तान के साथ लड़े गये 1965 व 1971 के युद्ध, सब का क्षेत्र पंजाब ही रहा। लोगों में मानचित्र पर सरहदें खींचने की प्रवृत्ति रही है तो ऐसे में हमारे पास एक पंजाब पाकिस्तान में है व एक भारत में। इनमें जो यहां है वह आगे तीन राज्यों में विभाजित है लेकिन पांच नदियों की धरती वहीं रहेगी, जहां यह है जब तक वर्तमान क्लाइमेट चेंज के दौर में ये नदियां रहेंगी (हो सकता है वह भी यूं ही गुजर जायेगा)।कहा जाता है कि संकटों-झटकों से व्यक्ति की कमर नहीं टूटती बल्कि वे मजबूत बनाते हैं- पंजाबियों का हौसला भी परिस्थितियों की ऐसी ही भट्ठी में तप कर निकला है। पंजाबियों ने दुख देखा व झेला है और कायम रहे हैं, प्रतिकार किया है व रणजीत सिंह के नेतृत्व में काबुल, कंधार से लेकर कश्मीर व लद्दाख तक साम्राज्य स्थापित किया है। वर्ष 1947 के बाद इसने फिर खुद का पुनर्वास किया व अपने घावों पर मरहम भी लगाया। इसने हरित क्रांति का नवोन्मेष व आगाज किया तथा भारत का अन्न भंडार बना। पिछले कुछ दशकों में सुशासन, समर्पण व नेत?त्व की कमी में पंजाब ने बहुत कुछ सहा। इतिहास में ऐसे कई दौर से लोग रूबरू हुए व प्राचीन युगों की तरह यह दौर भी पांच नदियों में प्रवाहित हो जायेगा। क्या बीते कुछ दशकों के खराब दौर के बाद अब अच्छे वक्त का उदय होगा? हां, यह होगा, पंजाब में, और विदेशों में मौजूद पंजाबी समुदाय में भी।

सम्पादकीय

## सीवीसी की शिकायत, भ्रष्ट अधिकारियों पर आखिर कैसे लगे लगाम

एक ऐसे समय जब केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियां भ्रष्ट तत्वों के विरुद्ध अभियान छेड़े हुए हैं, तब केंद्रीय सतर्कता आयोग यानी सीवीसी की यह शिकायत चिंतित करने वाली है कि उसकी ओर से विभिन्न विभागों के 55 भ्रष्ट अधिकारियों को दंडित करने की जो सलाह दी गई थी, उस पर अमल करने में विलंब हो रहा है। इस मामले में कठघरे में खड़े किए गए संबंधित विभागों अथवा केंद्र और राज्य सरकारों को बिना किसी देरी के यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में क्यों विलंब किया जा रहा है?इस विषय पर सरकारों को चेतना ही होगा, क्योंकि सीवीसी की शिकायत उनकी उस प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े करने वाली है, जिसके तहत बार-बार यह कहा जाता है कि भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा। सरकारों को यह देखना होगा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि जिन अफसरों को भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी है, वही उन्हें बचा रहे हों? इस अंदेशे का कारण यह है कि अतीत में यह खूब देखने को मिलता रहा है कि अधिकारी आम तौर पर अपने भ्रष्ट सहयोगी-साथियों को बचाने का काम करते हैं। यदि यह स्थिति अभी भी है तो इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता।



जब कभी भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में विलंब होता है तो ऐसे अफसरों और कर्मचारियों का दुस्साहस तो और अधिक बढ़ता ही है, इसके साथ ही यह आभास भी होता है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में समर्थ नहीं। सीवीसी की ओर से जारी वार्षिक रपट में कुछ ऐसे मामलों का भी जिक्र किया गया है, जिनमें आय से अधिक संपत्ति जुटाने के मामले में फंसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के स्थान पर उनके विरुद्ध चल रहे मामले को ही बंद कर दिया गया।

यदि इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिलता कि ऐसा किस आधार पर और क्यों किया गया तो इससे जनता को यही संदेश जाएगा कि भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने का काम किया जा रहा है। नीति और नैतिकता का यही तकाजा है कि जिन मामलों में सीवीसी की सिफारिश को नहीं माना गया, उनमें यह स्पष्ट किया जाए कि ऐसा क्यों नहीं किया गया? सीवीसी की रिपोर्ट यह भी कहती है कि भ्रष्टाचार के आरोपित छह सौ से अधिक अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन के कई मामले विभिन्न सरकारी विभागों की मंजूरी के लिए लंबित हैं। कुल लंबित मामलों में से कुछ ऐसे भी हैं, जिनमें भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कई अधिकारियों के मामले तीन महीने से ज्यादा समय से अनिर्णीत हैं। यह इसलिए अस्वीकार्य और आश्चर्यजनक है, क्योंकि ऐसे मामलों पर निर्णय लेने की समय सीमा तीन माह ही होती है।

# नोएडा के ट्विन टावर तो गिर गए पर क्या इससे भ्रष्टाचार रुक जायेगा

2012 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए मामला आने से पहले, नोएडा प्रशासन ने 2009 में दायर योजना (40 मंजिलों वाले दो अपार्टमेंट टावर) को मंजूरी दे दी। मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अप्रैल 2014 में फ़ैसला आया।सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर भ्रष्टाचार का पर्याय बने नोएडा के ट्विन टावर रविवार को गिरा दिये गए। पर ये प्रश्न छोड़ गए कि अकेले इन टावर के गिरने से क्या देश का भ्रष्टाचार रुक जाएगा? देश की जड़ तक में समा चुके भ्रष्टाचार पर क्या कोई रोक लगेगी? क्या भ्रष्टाचारी इससे सीख लेंगे? जिस देश में संसाधनों की भारी कमी है, क्या उस देश में इन टावर का प्रयोग स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सालय और शिक्षा के लिए नहीं हो सकता था?रविवार को कुछ ही सेकेंड में नोएडा की चर्चित दो बहुमंजिला इमारतें धराशायी हो गईं। दोपहर के ठीक ढाई बजे इन ट्विन टॉवर को विस्फोटकों से उड़ा दिया गया। अब इन बहुमंजिला इमारतों को जगह मलबा ही बचा है। एपेक्स और सेयेन नामक इन टावर को सुपरटेक बिल्डर ने बनाया। बाद में पाया गया कि इन्हें बनाने में नियमों का उल्लंघन किया गया। ये देश में गिराई जाने वाली सबसे बड़ी बहुमंजिला इमारतें हैं। एपेक्स (32 मंजिली) और सेयेन (30 मंजिला)। जुड़वां टावर भारतीय राजधानी में स्थित सबसे ऊंचे कुतुब मीनार से भी ऊंचे थे। इस टावर को गिराने का फ़ैसला एक लंबी क़ानूनी लड़ाई के बाद लिया गया था। यह संघर्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुरू हुआ था और इसका अंतिम फ़ैसला सुप्रीम कोर्ट में हुआ।इन टावर के निर्माण की कहानी 2004 में शुरू होती है। नोएडा (न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण) ने औद्योगिक शहर बनाने की योजना के तहत एक आवासीय क्षेत्र बनाने के लिए सुपरटेक नामक कंपनी को यह जगह आवंटित की। 2005 में, नोएडा बिल्डिंग कोड और दिशा निर्देश 1986 के अनुसार सुपरटेक ने प्रत्येक 10 मंजिल वाले 14 फ्लैटों की योजना तैयार की। नोएडा अथॉरिटी ने 10 मंजिलों वाले 14 अपार्टमेंट भवनों के निर्माण की अनुमति दी, साथ ही यह भी प्रतिबंध लगाया गया था कि ऊंचाई 37 मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के अनुसार, इस साइट पर 14 अपार्टमेंट और एक वाणिज्यिक परिसर के साथ एक गार्डन विकसित किया जाना था। 2006 में कंपनी को निर्माण के लिए पुरानी शर्तों पर अतिरिक्त ज़मीन दी गई। सुपरटेक ने नई योजना बनाई। इसमें बिना



गार्डन के दो और 10 मंजिल भवन बनाए जाने थे। अंत में, 2009 में 40 मंजिलों के साथ दो अपार्टमेंट टावर बनाने के लिए अंतिम योजना तैयार की गई। 2011 में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका में आरोप लगाया गया कि इन टावरों के निर्माण के दौरान उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट मालिक अधिनियम, 2010 का उल्लंघन किया गया है। इसके मुताबिक केवल 16 मीटर की दूरी पर स्थित दो टावरों ने कानून का उल्लंघन किया था। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि इन दोनों टावरों को बगीचे के लिए आवंटित भूमि पर अवैध रूप से खड़ा किया गया था।


2012 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए मामला आने से पहले, नोएडा प्रशासन ने 2009 में दायर योजना (40 मंजिलों वाले दो अपार्टमेंट टावर) को मंजूरी दे दी। मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय

का अप्रैल 2014 में फ़ैसला आया। उसने इन टावरों को गिराने का आदेश भी जारी किया। यह भी आदेश दिया कि टावर बनाने वाले सुपरटेक को टावर गिराने का ख़र्च वहन करना चाहिए। यह भी आदेश किया कि पहले से ही फ्लैट खरीदने वालों को 14 फ़ीसदी ब्याज़ के साथ पैसा वापस करना चाहिए। मई में, सुपरटेक ने फ़ैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दावा किया कि निर्माण कार्य उचित मानदंडों के मुताबिक ही किया गया है। अगस्त 2021 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फ़ैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि नियमों का उल्लंघन किया गया था। नतीजतन, रविवार 28 अगस्त, 2022 को ट्विन टावरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर रविवार को दोनों टावर गिर गए। पर इन टावर को बनाने की अनियमितता में शामिल रहे प्रशासनिक अमले और सुपरटेक के प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। टावर गिरने के दिन सिर्फ इस अनियमितता और घोटालों में शामिल होने वालों की लिस्ट ही जारी हो सकी। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी सख्ती के लिए मशहूर हैं, किंतु इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मॉनीटरिंग भी सर्वोच्च न्यायालय को करनी चाहिए। ये देखना चाहिए कि कार्रवाई जल्दी हो और कठोर हो। ऐसी हो कि आगे ऐसा करने का हौसला कोई न कर सके। घोटाले में शामिल रहे अधिकारी और कर्मचारियों से नुकसान की राशि वसूली जानी चाहिए।एक बात और आमतौर पर ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में कालोनाइजर नियम विरुद्ध निर्माण कराते हैं किंतु यह पहला मामला है, जिसमें यह कार्रवाई हुई है। पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अभी लंबी लड़ाई लड़नी होगी। हां, इस आदेश का बड़ा फायदा ये होगा कि अब तक गलत भवन बनाने पर विकास प्राधिकरण के अधिकारी कालोनाइजन या भवन स्वामी से मिलकर शमन शुल्क लेकर मामला निपटा लेते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं कर पांएगे। इन्हें भी गलत बने भवन गिरवाने होंगे। उधर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है।

कहा जा रहा है कि इन टावर के दूसरे जनहित में प्रयोग करने पर विचार किया जा सकता था। दिल्ली बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने ट्विन टावर ब्लास्ट पर सवाल खड़ किए हैं। कपिल मिश्रा ने ट्विट कर कहा कि ट्विन टावर जिसने बनाए, उसे सजा नहीं दी जा रही है, जिसने बनवाए उसे सजा नहीं दी जा रही है। इतनी बड़ी बिल्डिंग को ध्वस्त करने के बजाय उसमें अस्पताल, हॉस्टल, बुजुर्गों का निवास, निराश्रित महिलाओं का आश्रय बनवाया जा सकता था। इसके साथ ही मिश्रा ने दिवाली का हवाला देते हुए कहा कि माननीय न्यायालय दिवाली पर पटाखे चलाने से रोकती है और पटाखे नहीं फोड़ने देती है। न्यायालय द्वारा कहा जाता है कि इससे प्रदूषण होता है। अब न्यायालय द्वारा खुद ट्वन टावर ब्लास्ट से प्रदूषण करने वाला ऑर्डर दिया जा रहा है।ये प्रतिक्रिया तो आएंगी। आनी भी चाहिए। ये जरूर है कि टावर गिराने की जगह अगर न्यायालय इसके किसी दूसरे प्रयोग पर विचार करता तो ज्यादा बेहतर रहता। अब जो हो गया, उसे तो नहीं रोका जा सकता, किंतु आगे आने वाले मामलों में इस प्रकार के प्रयोग पर विचार किया जा सकता है।

## हॉकी इंडिया के नये संविधान मसौदे से संतुष्ट एफआईएच ने कहा, विश्व कप ड्रॉ पर खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ( एफआईएच) ने हॉकी इंडिया चुनावों पर अपनी स्थिति साफ करते हुए कहा कि मौजूदा समय में देश में इस खेल का संचालन करने वाली प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा भेजा गया संशोधित मसौदा संविधान पूरी तरह से उसके नियमों के मुताबिक है। एफआईएच ने यह भी कहा कि अगले साल 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप का ड्रॉ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आठ सितंबर को होगा। एफआईएच के वरिष्ठ प्रबंधक संचार, निकोलस मैंगोट ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, '' सीओए से प्राप्त नवीनतम पत्राचार उस बात का अनुपालन करता है जो 17 अगस्त को भारत में सीओए और एफआईएच के बीच हुई थी।'' उन्होंने कहा, '' पुरुष विश्व कप का ड्रॉ पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक आठ सितंबर को होगा।''

## विश्व महिला कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयनित 10 महिलाओं में छह हरियाणा की

**लखनऊ।** बेलग्रेड, सरबिया में होने वाली विश्व महिला कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय महिला पहलवानों का चयन हो गया। भारतीय खेल प्राधिकरण के नेताजी सुभाष क्षेत्रीय कार्यालय में हुई चयन प्रतियोगिता में सर्वाधिक हरियाणा की पहलवानों ने जौहर दिखाया। उनके आगे दूसरी महिला पहलवानों का टिकना मुश्किल हो गया था। 10 भार वर्गों के चयन प्रक्रिया में हरियाणा की छह महिला पहलवानों का चयन हुआ है।

फाइनल राउंड में पचास किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की अंकुश ने निलम को पटकनी देकर अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। वहीं 59 किग्रा भार वर्ग में भी हरियाणा के ही मानसी और पूजा के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें मानसी ने बाजी मार ली। 62 किग्रा भार वर्ग में भी हरियाणा की ही दो महिला पहलवान फाइनल में पहुंची, इसमें सोनम ने हनिशा को पटकनी दे दी, जबकि 65 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की शैफाली ने यूपी की फ्रीडम को मात देकर विश्व महिला कुश्ती चैम्पियनशिप में जगह बना ली। वहीं 72 किग्रा व 76 किग्रा भार वर्ग में भी हरियाणा की ही रितिका व प्रियंका ने जगह बनायी। वहीं 53 किग्रा भार वर्ग में आरएसबीपी की विनेश व 55 किग्रा में दिल्ली की सुषमा, 57 किग्रा में आरएसबीपी की सरिता, 68 किग्रा भार वर्ग में आरएसबीपी की निशा ने जगह सुरक्षित कर लिया।

## ग्रुप केन्द्र केरिपुबल जम्मू में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

**जम्मू।** हमारे देश के गौरव एवं सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में उनके जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 29 अगस्त को ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में महानिदेशालय केरिपुबल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार ''राश्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर ''एक समावेशी, सक्षम और फिट समाज'' थीम के साथ ग्रुप केन्द्र जम्मू परिसर में ''दौड प्रतिस्पर्धा'' का आयोजन किया गया। इस ''दौड़ प्रतिस्पर्धा'' का शुभारंभ मुख्य अतिथि पी.एस रणपिसे भा.पु.से., महानिरीक्षक, जम्मू सृक्टर केरिपुबल जम्मू द्वारा किया गया। इसमें ग्रुप केन्द्र जम्मू परिसर में स्थित जम्मू व कश्मीर जोन मुख्यालय, जम्मू सेक्टर मुख्यालय, संयुक्त अस्पताल जम्मू, रेंज मुख्यालय जम्मू, बी/5 सिगनल बटालियन, तथा ग्रुप केन्द्र जम्मू के अधिकारियों व कार्मिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रेम चन्द्र गुप्ता कमाण्डेंट, ग्रुप केन्द्र जम्मू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष-2019 में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द को श्रदांजलि के रूप में इसी दिन फिट इंडिया मुहिम की घोषणा की थी, क्योंकि स्वास्थ्य और खेल परस्पर जुडे हुए है। खेल हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि खेल हमें मजबूत, स्वस्थ और तंदरूस्त बनाये रखता है। खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले व्यक्ति का मानसिक विकास दूसरों से अच्छा होता है। खेल हमारे व्यक्तित्व का विकास भी करता है तथा आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मदद करता है। अतः हम प्रतिदिन किसी न किसी खेल गतिविधि में जरूर शामिल हों एवं अपने आप को हमेशा फिट रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी.एस. रणपिसे महानिरीक्षक जम्मू सेक्टर, राकेश सेठी उप महानिरीक्षक रेंज जम्मू, सुनंद कुमार कमाण्डेंट जम्मू सेक्टर, प्रेम चन्द्र गुप्ता कमाण्डेंट, ग्रुप केन्द्र केरिपुबल जम्मू, राजेश कुमार उप कमाण्डेंट, सुमित वर्मा उप कमाण्डेंट, दिगम्बर सिंह सहायक कमाण्डेंट, दीपक कुमार चौधरी, सहायक कमाण्डेंट, हनुमान सिंह मीणा सहायक कमाण्डेंट जम्मू सेक्टर एवं अन्य अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## दुबई ओपन शतरंज : अर्जुन की शानदार जीत , भारत के नंबर 2 खिलाड़ी बने

**दुबई।** 22वे दुबई ओपन इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दिन भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें हमवतन इंटरनेशनल मास्टर नितीश बेरुलकर के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मुक़ाबला जीतकर अपनी फीडे रेटिंग में लगभग 2 अंको की बढ़त करते हुए 2726 अंको के साथ विश्व रैंकिंग में हमवतन डी गुकेश को एक अंक से पीछे करते हुए 23वां तो भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरा स्थान हासिल कर लिया ,फिलहाल गुकेश 2625 अंको के साथ विश्व रैंकिंग में 24वे स्थान पर बने हुए है ।

सफ़ेद मोहरो से खेल रहे अर्जुन नें फ्रेंच ओपनिंग में शुरुआत से ही काफी खतरा उठाया और हमवतन नितीश नें उन्हे लगभग ड्रॉ करने पर मजबूर कर दिया था पर नितीश की कुछ



गलत चालों नें अर्जुन को वापसी का मौका दे दिया और अर्जुन नें बाजी 39 चालों में जीत ली । वहीं प्रज्ञानंधा नें भी हमवतन दुष्यंत शर्मा को पराजित करते हुए अपना दूसरा अंक बनाया , भारत के अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में अभिजीत गुप्ता नें ईरान के अरद नजारी को ,एसपी सेथुरमन नें कजाकिस्तान की कमालीडेनोवा मेरुत को तो रौनक साधवानी नें हमवतन सेम्मेद शेठे को पराजित कर अपना दूसरा अंक बनाया ।

## पाकिस्तान की हार देखकर लंदन के लिए रवाना हुए शाहीन अफरीदी

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी ने बताया कि घुटने की चोट से जूझ रहे युवा तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी अपना रिहैब पूरा करने के लिए लंदन रवाना हो गए हैं। पीसीबी के मुख्य चिकित्सीय अधिकारी डॉ. नजीबुल्लाह सूमरो ने कहा कि शाहीन शाह अफ़रीदी को घुटना उपचार विशेषज्ञ की चिकित्सा की आवश्यकता है और लंदन में दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ खेल चिकित्सीय एवं रिहैब सुविधाएं उपलब्ध हैं। हमने शाहीन के हित में उन्हें वहां भेजने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि शाहीन के लंदन में रहने के दौरान चिकित्सीय विभाग रोज उनकी प्रगति की खबर लेगा, और हमें विश्वास है। शाहीन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले पूर्णतः स्वस्थ हो जाएंगे। पीसीबी ने कहा कि शाहीन लंदन में पीसीबी



चिकित्सीय सलाहकार समिति की निगरानी में रहेंगे, जिसमें लंदन के रहने वाले डॉ इम्तियाज अहमद और डॉ जफर इकबाल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शाहीन जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में फील्डिंग करते हुए चोटग्रस्त हो गए थे। शाहीन चोट के कारण एशिया कप 2022 में हिस्सा नहीं ले सके, जहां पाकिस्तान को पहले मैच में भारत के हाथों पांच विकेट से पराजय मिली।

## एक बहुत अच्छे क्रिकेटर के रूप में विकसित हो रहे हैं हार्दिक पांड्या : मिकी आर्थर

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को खिलाफ एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में पांच विकेट से शिकस्त दी। तीन विकेट लेने से लेकर 17 गेंदों पर 33 रन बनाने तक, हार्दिक बेहतरीन रहे और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। हार्दिक को अपने धमाकेदार प्रदर्शन के लिए दुनिया भर से प्रशंसा मिल रही है और अब पाकिस्तान के पूर्व कोच मिकी आर्थर भी हार्दिक की तारीफ करने के लिए आगे आए और कहा कि वह एक बहुत अच्छे क्रिकेटर के रूप में विकसित हो रहे हैं। मिकी आर्थर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टी-20 टाइमआउट कार्यक्रम में कहा, वह एक अद्भुत खिलाड़ी है। यह लगभग 12 खिलाड़ियों के साथ भारत के खेलने जैसा है। यह मुझे



तब की याद दिलाता है,जब मैं दक्षिण अफ्रीका के साथ था और हमारे पास जैक्स कैलिस थे। आपके पास एक ऐसा खिलाड़ी जो वास्तव में आपके चार तेज गेंदबाजों में से एक हो सकता है और शीर्ष 5 में बल्लेबाजी कर सकता है। यह लगभग एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने जैसा है। मैं हार्दिक को परिपक्व खिलाड़ी के रूप में देख रहा हूं।

उन्होंने कहा, आईपीएल में उनका नेतृत्व उत्कृष्ट था, उन्होंने अपनी टीम को वास्तव में अच्छी तरह से प्रबंधित किया। उन्होंने अपनी टीम के लिए दबाव की स्थिति को वास्तव में अच्छी तरह से खेला। मुझे लगता है कि वह एक बहुत अच्छे क्रिकेटर के रूप में विकसित हो रहे हैं। मैच के बारे में बात करें, तो इस मैच में भारत ने हार्दिक (4 ओवर, 25 रन 3 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार 4 ओवर, 26 रन, 4 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान को 147 रनों पर समेट दिया। इसके बाद हार्दिक ने 17 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई।

## कोहली ने हारिस राउफ को अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी दी तोहफे में

**दुबई।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने एशिया कप में पाकिस्तान पर टीम की पांच विकेट से जीत के बाद विरोधी टीम के तेज गेंदबाज हारिस राउफ को अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें कोहली राउफ को अपनी जर्सी भेंट करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद रविवार की रात खिलाडियों ने हाथ मिलाया।कोहली ने मैच में 34 गेंद में 35 रन की पारी खेली थी जिसमें हार्दिक पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से



शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले दोनों देशों के खिलाडियों को अपने ट्रेनिंग सत्र के दौरान एक-दूसरे का अभिवादन करते देखा गया था। कोहली ने मैच से पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और चोटिल तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के साथ संक्षिप्त बातचीत की थी।

## आईसीसी का चला चाबुक, भारत-पाकिस्तान दोनों टीमों पर लगा जुर्माना

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में हुई ब्लॉकबस्टर भिड़ंत के बाद आईसीसी ने अपना चाबुक चलाते हुए दोनों टीमों पर जुर्माना लगाया। दोनों टीमों को अपनी गेंदबाजी के अंतिम चरण में 30-यार्ड सर्कल के अंदर एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना पड़ा। ऐसा नए नियमों के कारण हो रहा है जिसमें रन गति प्रति ओवर को सुधारने के प्रावधान हैं। भारत ने यह मैच 5 विकेट से जीता। हार्दिक पांड्या ने हरफनमौला प्रदर्शन कर जीत की नींव रखी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के अपने मैच के दौरान निर्धारित समय में 20 ओवर पूरी नहीं कर पाए। इसलिए दोनों को आखिरी ओवरों में 30-यार्ड सर्कल के अंदर एक




अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक लगाने के लिए मजबूर किया गया था। बता दें कि पिछले साल आईसीसी क्रिकेट समिति द्वारा इस बदलाव की सिफारिश की गई थी। यह एक संगठन जो सभी प्रारूपों में खेलने की गति में सुधार करने के लिए बैठता है। संशोधित खेल परिस्थितियों में खेला गया पहला मैच वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच खेला गया टी-20 मैच था जिसमें इस कारण जुर्माना लगाया गया था।

पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित समय में 18 ओवर से कम गेंदबाजी की थी, जिसका अर्थ है कि रोहित शर्मा को अंतिम दो ओवरों के लिए सर्कल के अंदर पांच क्षेत्ररक्षकों रखने की इजाजत मिलने थी। टीम ने 11 गेंदों में 23 रन दिए और पाकिस्तान को 147 पर आउट कर दिया। स्कोर का पीछा करते समय पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भी काफी वक्त लिया। उन्होंने उसी प्रतिबंध के तहत अंतिम तीन ओवर फेंकने की जरूरत थी। रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या ने अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक का फायदा उठाया, जीत के लिए आवश्यक 32 रन बनाए और दो गेंद शेष रहते लक्ष्य का पीछा पूरा किया।

## नेमार के गोल से पीएसजी ने मोनाको से ड्रा खेला

**पेरिस ।** नेमार ने पहले पेनल्टी हासिल की और फिर उसे गोल में बदला जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के एक मैच में अधिकतर समय पिछडने के बावजूद मोनाको से 1-1 से ड्रॉ खेला। नेमार ने खेले गए इस मैच में लियोनेल मेसी के पास पर मोनाको के डिफेंडर गुलेर्मो मरिपन की गलती से पेनल्टी हासिल की। रैफरी ने पहले पेनल्टी नहीं दी थी लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उन्होंने पीएसजी को पेनल्टी दे दी जिसे गोल में बदलने में नेमार ने कोई गलती नहीं की। नेमार का यह फ्रांसीसी लीग में छठा गोल और



कुल मिलाकर पिछले 5 मैचों में 8वां गोल है। पीएसजी के अब 10 अंक हो गए हैं और वह अपने चिर प्रतिद्वंदी मार्सेली और लेंस से गोल अंतर में आगे हैं। मोनाको का भाग्य ने साथ नहीं दिया तथा 20वें मिनट में गोल करने के बावजूद उसे अंक बांटने पड़े।

## सारा अली खान के साथ डिनर डेट पर गए शुभमन गिल, वीडियो हुआ वायरल

**मुंबई।** कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल और सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा ने एक दूसरे को सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया था जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरें सामने आने लगी थी। अब शुभमन और एक्ट्रेस सारा अली खान एक रेस्तरां में डिनर डेट के दौरान देखा गया और सोशल मीडिया उनका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

एक टिकटॉक यूजर द्वारा साझा किए गए वीडियो में सारा और शुभमन गिल को मुंबई के बास्टियन में अपनी टेबल के बगल में एक वेटर को ऑर्डर देते हुए दिखाया गया। सारा पिंक कलर के आउटफिट में नजर आई जबकि शुभमन ने व्हाइट और ग्रीन कलर की शर्ट पहनी थी। फैंस



दोनों को एक साथ देखकर हैरान रह गए। इस पर लोग कमेंट कर रहे हैं, क्या चक्कर है (क्या हो रहा है)। एक अन्य यूजर ने लिखा, गिल सारा के प्रति जुनूनी है। एक अन्य व्यक्ति ने मजाक में कहा, एक क्रिकेटर की बेटी (सारा तेंदुलकर) से एक क्रिकेटर (सारा अली खान) की पोती तक शुभमन गिल ने एक लंबा सफर तय किया। गौर हो कि शुभमन गिल ने पिछले दिनों वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैचों में दो बैक-टू-बैक प्लेयर ऑफ द सीरीज़ पुरस्कार जीते थे। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक भी लगा था। वह अब तक 11 टेस्ट और 9 एकदिवसीय मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं सारा अली खान अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। वह मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर की पोती भी हैं। उन्होंने 2017 में केदारनाथ के साथ अभिनय की शुरुआत की और सिम्बा और लव आज कल जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## बर्मिंघम में कांस्य पदक हासिल करना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि : दीप ग्रेस एक्का

**बेंगलुरु ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने हाल ही में संपन्न बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक हासिल किया। इसके बाद टीम एक छोटे से ब्रेक पर गई और अब बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण के परिसर में एकत्र हुई है। भारतीय महिला हॉकी टीम का ध्यान अब 10 दिसंबर से स्पेन के वालेंसिया में शुरू हो रहे महत्वपूर्ण एफआईएच महिला हॉकी नेशन कप पर होगा। डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का को लगता है कि बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक हासिल करना टीम की यात्रा का एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से बर्मिंघम में फाइनल खेलना पसंद करते, लेकिन कांस्य जीतना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पोडियम पर खड़ा होना एक ऐसा पल है जिसे हम कभी नहीं भूल पाएंगे। यह पूरी टीम के लिए एक बड़ा



मनोबल बढ़ाने वाला है। भारतीय डिफेंडर्स दीप ग्रेस एक्का को उम्मीद है कि टीम आगे भी अपनी गति को बनाए रख सकती है। बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में लौटने पर उन्होंने कहा, हमने बर्मिंघम में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब यह एक बंद अध्याय है। हमने अच्छा ब्रेक लिया है और अब हमें काम पर वापस जाना है। मुझे यकीन है कि मुख्य कोच जननेके शोपमैन हमारे पिछले प्रदर्शन का आकलन करेंगे और उसी के अनुसार शिविर में आने वाले दिनों की योजना बनाएंगे। वर्तमान में सविता की कप्तानी वाली भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अगले आउटिंग से पहले एक लंबे शिविर के लिए तैयार है और अनुभवी डिफेंडर को अपने अगले असाइनमेंट से पहले कड़ी मेहनत करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हमें स्पेन में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप में अच्छा प्रदर्शन करना है और इसके लिए तैयारी आज से शुरू हो रही है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन कठिन प्रशिक्षण और हमारे सत्रों के दौरान हम सारी चीजें सही कर सकते हैं। स्पेन में एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के विजेता टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में सीधा प्रवेश मिलेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 सीज़न में अपने पहले अभियान में तीसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने कहा, स्पेन में हमारा उद्देश्य एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग के लिए क्वालीफाई करना होगा और इसके लिए हमें नेशन कप जीतना होगा। हमारा लक्ष्य हमारे सामने है, अब यह हम पर निर्भर है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ें।

## 46वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने किया राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**अखनूर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2012 में महान खिलाडी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया। महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जिन्हें हॉकी का जादूगर भी कहा जाता है तब से अब तक हर वर्ष 29 अगस्त पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 46वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, अखनूर ने राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का आयोजन किया। 46वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वारा राजेन्द्र सिंह द्वितीय कमान अधिकारी/कार्यवाहक कमाण्डेंट, छोटूराम उप कमाण्डेंट, सुभाष प्रजापति उप कमाण्डेंट की अगुलाई में वाहिनी परिसर में इस समारोह का आयोजन किया। इसमें बच्चों, महिलाओं व जवानों के साथ साथ स्थानीय जनता तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में जवानों व स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

*राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के पीछे खेल और खेल भावना और खिलाडियों को सम्मान देना है। इसके अलावा प्रतिवर्ष खेल दिवस मनाने से लोगों व युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है।*

राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के दौरान बैडमिंटन में 20 बच्चों और 16 महिलाओं द्वारा हिस्सा लिया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन, बॉलीबॉल व दौड का आयोजन किया गया। 100 व 400 मीटर दौड़ में बच्चों, महिलाओं, जवानों व 08 आरक्षक/महिलाओं ने स्थानीय जनता तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में जवानों व स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के पीछे खेल और खेल भावना और खिलाडियों को सम्मान देना है। इसके अलावा प्रतिवर्ष खेल दिवस मनाने से लोगों व युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है।

## बार्सिलोना ने वालाडोलिड को 4-0 से हराया, लेवेंडोवस्की ने किए दो गोल

**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के दो गोलों की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग ला लिगा में वालाडोलिड को 4-0 से हराया। बायरन म्यूनिख से बार्सिलोना में आए पोलैंड के स्ट्राइकर का इस सीजन में यह चौथा गोल रहा। उन्होंने रियल सोसिइडाड के खिलाफ 4-1 की जीत में भी दो गोल किए थे। लेवेंडोवस्की ने 24 और 64वें मिनट में गोल किए जबकि अन्य गोल गोंजलेज (43वां मिनट) और सर्गेई रॉबर्टो (90+2) ने किए। चौंतीस साल के लेवेंडोवस्की का दूसरा गोल दर्शनीय था जब रक्षक खिलाड़ी को छकाते हुए उन्होंने एड़ी की मदद से गोल किया। लेवेंडोवस्की ने बार्सिलोना में आने के बाद इस सीजन में दूसरी बार एक मैच में दो गोल किए हैं।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का आरोपी सचिन बिश्नोई हिरासत में, अजरबैजान से पकड़ा गया

**अजरबैजान।** सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भांजे सचिन बिश्नोई को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, उसे अजरबैजान से पकड़ा गया है। आरोप है कि लॉरेंस गैंग को सचिन ही बाहर से निर्देश देता था।



**पेश किया था चालान**

मूसेवाला हत्याकांड में मानसा पुलिस ने बीते चालान पेश किया था। 1850 पन्नों के चालान में 24 आरोपियों के नाम शामिल हैं। इनमें से 20 को गिरफ्तार किया जा चुका है। कहा गया था कि चार आरोपी विदेश में छिपे हैं। हत्याकांड का मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को बताया गया है, जो इस समय पंजाब पुलिस की हिरासत में है। जिन आरोपियों के विदेश में छुपे होने की बात कही गई थी, उसमें मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़, सचिन बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई और लिजिन नेहरा शामिल थे।

**34 अरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया था मामला**

इस मामले में एसएसपी गौरव तोरा ने बताया था कि 34 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था। 24 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। हत्या में शामिल जगरूप रूपा और मनप्रीत मनु कुस्सा पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। अदालत को उनके मुठभेड़ के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## टिकाऊ कोटिंग से होगा कोरोना वायरस समेत कई कीटाणुओं का सफाया

**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस को जड़ से मिटाने की दिशा में वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने महत्वपूर्ण सफलता पाई है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसी टिकाऊ कोटिंग तैयार की है जिससे कोरोना वायरस, ई. कोली, एमआरएसए बैक्टीरिया समेत कई अन्य तरह के वायरस को मिनटों में समाप्त कर देती है। चाय के पौधे के तेल और दालचीनी के तेल से इस कोटिंग को तैयार किया गया है। इसे टिकाऊ बनाने के लिए वार्निश का प्रयोग किया गया है। इतना ही नहीं अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इसे सुरक्षित बताया है।

अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार यह नई कोटिंग परीक्षण में कारगर साबित हो रही है। वैज्ञानिकों ने इसे की-बोर्ड, मोबाइल फोन स्क्रीन और चिकन काटने वाले बोर्ड की सतह पर लगाया है। उसके बाद कई महीने तक इन सतहों को रगड़-रगड़ कर साफ किया गया। इसके बाद पाया गया कि यह कोटिंग 99.9 प्रतिशत रोगाणुओं को समाप्त कर दिया है।

मिशिगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर अनीश टुटेजा कहते हैं कि एयरपोर्ट और अस्पतालों जैसे रोगाणुओं से भरे सार्वजनिक स्थानों के लिए यह कोटिंग बहुत ही महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। मैटर नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध के सहायक लेखक टुटेजा कहते हैं कि कीटाणुनाशक के प्रयोग से रोगाणु तुरंत मर तो जाते हैं, लेकिन जल्द ही वे पनप जाते हैं, जिससे उस स्थान के संपर्क में आने वालों के संक्रमण की चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है।

## कृत्रिम भ्रूण में पहली बार बना दिमाग और धड़का दिल, सपना सच होने जैसी उपलब्धि

**लंदन।** दुनिया में पहली बार वैज्ञानिक बिना शुक्राणु और अंडे के ऐसा कृत्रिम भ्रूण बनाने में कामयाब रहे हैं, जिसमें न सिर्फ दिल धड़कने लगा है बल्कि पूरा दिमाग भी विकसित हो गया है। यह भ्रूण चूहे की उन ऊतक कोशिकाओं से तैयार किया गया है, जो हृदय, मस्तिष्क समेत अन्य अंगों का निर्माण करती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, उन्हें इस मॉडल से जीवन के एकदम शुरुआती चरणों की गहन जानकारी हासिल होगी, जो काफी हद तक रहस्य बनी हुई है। साथ ही इसके नतीजों से इंसानों के लिए कृत्रिम अंग बनाने और उनकी मरम्मत की दिशा में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, विशेषज्ञ गर्भावस्था में कुछ भ्रूणों के खराब हो जाने और अन्य के शिशु निर्माण की ओर बढ़ पाने की वजह का पता लगा पाएंगे। हमारे चूहों के कृत्रिम भ्रूण मॉडल में न सिर्फ हृदय धड़का है बल्कि मस्तिष्क समेत शरीर बनाने वाले अन्य अंग भी विकसित हुए हैं। इस मुकाम तक पहुंचना अविश्वसनीय है। वैज्ञानिक जगत के लिए यह एक सपना पूरे होने जैसा है। -प्रोफेसर जेरोनिका-गोएट्ज, शोधकर्ता , कैंब्रिज यूनिवर्सिटी नेचर पत्रिका में छपे शोध के मुताबिक, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने स्तनपायी जीवों के शुरुआती विकास के तीन प्रकार के ऊतकों के जरिये प्रयोगशाला में कुदरती प्रक्रिया की प्रतिकृति तैयार की है।

# पाकिस्तान में बाढ़ पीड़ितों से भरी नाव सिंधु नदी में पलटी, 13 की मौत

**कराची।** बाढ़ की विभीषिका से घिरे पाकिस्तान में सिंधु नदी में नाव पलटने से कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। इस हादसे में कई लोग लापता हो गए। सिंधु नदी इस समय पूरे उफान पर है। पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक करीब डेढ़ हजार लोगों की जान जा चुकी है। मूसलाधार बरसात के बाद खराब हुए हालात में लाखों लोग बेघर हो गए हैं। सड़कें और पुल ध्वस्त हो चुके हैं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधु नदी में बाढ़ प्रभावित लगभग 25 पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से यह हादसा हुआ। यह घटना सिंध के सहवान शहर के बिलावलपुर गांव में हुई है। इन



बाढ़ पीड़ितों का रेस्क्यू कर नाव के जरिए राहत शिविरों में ले जाया जा रहा था। पाकिस्तान सरकार ने बाढ़ के बाद बने हालात को 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित किया है। मुल्क के करीब 110 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। छियासठ जिलों को आधिकारिक तौर पर 'आपदा प्रभावित' घोषित किया गया है।

# बाढ़ से परेशान पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार मार्ग खोलने का किया ऐलान

**इस्लामाबाद।** बाढ़ और खाद्य संकट से परेशान पाकिस्तान ने अब भारत के साथ व्यापार मार्ग खोलने का ऐलान किया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने कहा कि बाढ़ की विभीषिका और खाने की कीमतों में जबर्दस्त वृद्धि के कारण पाकिस्तान ने भारत के साथ साथ व्यापार का पथ प्रशस्त करने का फैसला लिया है।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने कहा हाल की बाढ़ से पाकिस्तान में न सिर्फ तात्कालिक संकट उत्पन्न हुआ है, बल्कि फसलों के नष्ट होने के कारण आगे आने वाले दिनों के लिए भी कष्ट साफ नजर आ रहा है। ऐसे में नागरिकों की सुविधा के लिए पाकिस्तान की सरकार अब भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने के बारे में विचार कर रही है।

पाकिस्तान के पूर्व सुरक्षा सलाहकार मोईद युसूफ भारत के साथ व्यापार के संबंध में कुछ प्रस्तावों पर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य सलाहकार रजाक दाऊद भी कई मौकों पर भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू



करने की बात कह चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में सब्जियों की कीमतें बेतहाशा बढ़ गयी हैं। लाहौर में प्याज पांच सौ रुपये किलो और टमाटर चार सौ रुपये किलो बिक रहा है। बाढ़ के कारण बलूचिस्तान, सिंध और दक्षिण पंजाब से सब्जियों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। यही हाल अन्य खाद्य सामग्री का भी है। ऐसे में आने वाले दिनों में सब्जियों की कीमतें और बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

## सैनिकों की कमी से जूझ रहा रूस, अमेरिका का दावा- नई भर्ती में कामयाब नहीं होंगे पुतिन

**वाशिंगटन।** छह माह से ज्यादा समय से यूक्रेन के साथ जंग लड़ रहे रूस को वहां सैनिकों की कमी से जूझना पड़ रहा है। अमेरिका का दावा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना में 1,30,000 से ज्यादा सैनिकों की नई भर्ती की योजना बनाई है, लेकिन वह कामयाब नहीं होगी। अमेरिकी वेबसाइट ने एक रक्षा अधिकारी के हवाले से यह न्यूज रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि पिछले सप्ताह पुतिन ने रूस की सैन्य क्षमता 19 लाख जवानों से बढ़ाकर 20.40 लाख करने का आदेश जारी किया है। इसके लिए भर्ती अगले साल शुरू होगी।

अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, रूस ऐतिहासिक रूप से सैन्य कर्मियों के भर्ती के लक्ष्य का पूरा नहीं कर पाया है। यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई से पहले यानी 24 फरवरी से पूर्व रूस 10 लाख सैनिकों के अपने लक्ष्य से 1,50,000 जवानों की कमी से जूझ रहा था। अब वह नए रंगरूटों और कैदियों की सेना में भर्ती की ऊपरी आयु सीमा को खत्म कर अपने जवानों की संख्या बढ़ाने में जुटा हुआ है।

**रूसी सेना में नए रंगरूट बूढ़े व अक्षम**

अमेरिकी अधिकारी ने यह भी दावा किया कि रूसी सेना में भर्ती किए गए कई रंगरूट बूढ़े, शारीरिक रूप से अक्षम और उपयुक्त प्रशिक्षण विहीन हैं। इसलिए अमेरिकी सरकार का मानना है कि रूस की सैनिकों



की संख्या बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं होंगे।

**अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार भेजना शुरू किए**

इस बीच, अमेरिकी रक्षा विभाग ने यूक्रेन में समुद्री रास्ते से हथियारों की खेप भेजना शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि विमानों से खेप भेजने की तुलना में धीमी आपूर्ति होने के बावजूद अमेरिकी जहाज भारी मात्रा में माल परिवहन करने में सक्षम हैं। इसके दम पर यूक्रेन के पास हथियारों की बड़ी खेप पहुंच जाएगी।

**यूक्रेन को 2.98 डॉलर का सैन्य पैकेज**

अमेरिका पहले ही यूक्रेन के लिए 2.98 अरब डॉलर की सैन्य सहायता के पैकेज की घोषणा कर चुका है। इसके तहत अमेरिकी रक्षा उद्योग को यूक्रेन के लिए हथियार बनाने के लिए दी जाने वाली मदद भी शामिल है। यह पैकेज यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के तहत दिया जा रहा है। इसमें सतह से हवा में मार करने वाले छह मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रूस यूक्रेन में लंबे युद्ध में घिर गया है। ब्रिटेन का दावा है कि इस जंग में रूस के 10 हजार से ज्यादा सैनिक जान गंवा चुके हैं। रूसी सेना में नए सैनिकों की भर्ती पिछले कई वर्षों में बहुत धीमी हुई है।

# इराक में श्रीलंका जैसी अराजकता, शिया धर्मगुरु के एलान के बाद भड़के समर्थक, 20 की

**बगदाद।** श्रीलंका के बाद अब इराक में अराजकता के हालात बन गए हैं। देश में करीब 10 माह से सरकार नाम की चीज नहीं है और शक्तिशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सदर ने भी राजनीति से संन्यास का एलान कर दिया। इससे उनके समर्थक भड़क उठे। वो राष्ट्रपति के महल में घुस गए। उनके और ईरान समर्थक इराकियों के बीच संघर्ष शुरू हो गया। गोलीबारी में 20 लोगों के मारे जाने की खबर है।

इराक की राजधानी बगदाद में अराजकता का माहौल है। उग्र भीड़ ने श्रीलंका के घटनाक्रम की तरह इराक के राष्ट्रपति भवन और सरकारी भवनों पर कब्जा कर लिया। उन्हें खदेड़ने में सुरक्षा बल भी विफल रहे। भीड़ में शामिल अराजक तत्व राष्ट्रपति के महल में बने स्विमिंग पूल में धमाल मचाने लगे। ये लोग मुक्तदा अल-सदर के समर्थक बताए जा रहे हैं। जैसे ही मुक्तदा अल-सदर ने राजनीति छोड़ने का एलान किया, उनके समर्थकों में गुस्सा फूट पड़ा। इसके बाद इनकी ईरान समर्थकों से भिड़ंत हो गई। बगदाद की सड़कों पर पथराव शुरू हो गया। इसके बाद कई जगहों पर गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। आरंभिक खबरों में 20 लोगों के मारे जाने की बात कही गई है। 19 लोग घायल हुए हैं। इराक में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

**एक सप्ताह से चल रहा था प्रदर्शन**

शिया धर्मगुरु के समर्थक



बगदाद के ग्रीन जोन में स्थित संसद के बाहर एक सप्ताह से धरना दे रहे थे। जैसे ही उन्हें मुक्तदा अल सदर के राजनीतिक संन्यास के फैसले का पता चला, वे भड़क गए। इसके बाद सेना व पुलिस ने मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों से ग्रीन जोन छोड़ने की अपील की।

बता दें, श्रीलंका में जबर्दस्त आर्थिक संकट के बाद पिछले माहों में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। उग्र भीड़ राष्ट्रपति भवन में घुस गई थी। संसद को बंधक बना लिया था। तत्कालीन राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को देश छोड़ने पर विवश होना पड़ा था।

**नई सरकार को लेकर गतिरोध**

दरअसल, इराक में नई सरकार बनाने को लेकर बीते एक माह से गतिरोध कायम है। शिया धर्मगुरु के समर्थक इराक में दशकों के संघर्ष और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। शिया धर्मगुरु इराक की राजनीति पर अमेरिका व ईरान का प्रभाव खत्म करने के पक्ष में थे। वे संसद भंग कर जल्दी चुनाव कराने की भी मांग कर रहे थे। इस बीच, अचानक उन्होंने ट्वीट किया कि - मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। हालांकि, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थान खुले रहेंगे। राजनीति छोड़ने का फैसला चौंकाने वाला इसलिए है, क्योंकि उनकी पार्टी इस समय इराकी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है। पिछले साल अक्तूबर में इराक में चुनाव हुए थे। इसमें उनकी पार्टी ने 329 में 73 संसदीय सीटें जीती थी, लेकिन सदर ने दूसरे दलों के साथ गठबंधन सरकार बनाने से इनकार कर दिया था। इराक में अभी निवर्तमान प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी देश का कामकाज संभाले हुए हैं।

## टिकाऊ कोटिंग से होगा कोरोना वायरस समेत कई कीटाणुओं का सफाया

**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस को जड़ से मिटाने की दिशा में वैज्ञानिकों और शोधकताओं ने महत्वपूर्ण सफलता पाई है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसी टिकाऊ कोटिंग तैयार की है जिससे कोरोना वायरस, ई. कोली, एमआरएसए बैक्टीरिया समेत कई अन्य तरह के वायरस को मिनटों में समाप्त कर देती है। चाय के पौधे के तेल और दालचीनी के तेल से इस कोटिंग को तैयार किया गया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# आईएमएफ ने पाकिस्तान को दिया 1.17 बिलियन डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट और बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 1.17 बिलियन डॉलर (9300 करोड़ से अधिक) का कर्ज देकर बड़ी राहत दी है। यह जानकारी पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने ट्वीट कर दी।

पाकिस्तान के कर्ज विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के पुनरुद्धार को आईएमएफ ने मंजूरी दी है। इसके साथ ही पाकिस्तान को 1.17 बिलियन अमेरिकी डॉलर (9300 करोड़ से अधिक) की 7वीं और 8वीं किस्त जारी हो जाएगी। इस्माइल ने कहा है कि आईएमएफ बोर्ड ने हमारे ईएफएफ कार्यक्रम के पुनरुद्धार को मंजूरी दे दी है। इससे पहले अप्रैल 2020 में आईएमएफ बोर्ड ने पाकिस्तान को 1.386 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी दी थी। लेकिन अभी तक राशि नहीं मिल पाई है। वित्त मंत्री ने देश को बधाई दी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को 'कठोर निर्णय लेने' और 'पाकिस्तान को डिफाल्ट से बचाने' के लिए धन्यवाद दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएमएफ पाकिस्तान को लगभग 1.2 बिलियन अमरीकी डॉलर का जारी करेगा और चालू वित्त वर्ष के शेष भाग में 4 बिलियन अमरीकी डॉलर तक प्रदान कर सकता है, जो 1 जुलाई से शुरू हुआ था। हालांकि, वैश्विक ऋणदाता द्वारा एक आधिकारिक बयान जारी किया जाना बाकी है।

रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान अब तक चीन, सऊदी अरब, कतर और यूएई से ऋण, वित्तपोषण, अस्थगित तेल भुगतान और 12 बिलियन अमरीकी डॉलर के करीब निवेश प्रतिबद्धताओं को सुरक्षित करने में कामयाब रहा है। इससे नकदी की कमी वाले देश को अभी के लिए डिफाल्ट से बचने में मदद मिलेगी। यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस में दक्षिण एशिया कार्यक्रमों के निदेशक तमन्ना सालिकुद्दीन के अनुसार कई मतभेदों के बावजूद अमेरिका अभी भी आईएमएफ के माध्यम से ऋण का समर्थन कर रहा है।

# भारत ने अफगानिस्तान को भेजा 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं, गुरुद्वारों में हमलों पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा है कि उसने अफगानिस्तान को 40 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं भेजा है। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अफगानिस्तान को देश की ओर से पहुंचाई जा रही मदद का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने काबुल के पड़ोसी और पुराने साझेदार के रूप में अपनी स्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने वहां के गुरुद्वारों पर हो रहे हमलों पर भी चिंता जताई।

रुचिरा ने कहा कि हमने सुरक्षा परिषद में बार-बार कहा है कि शांति और स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करने का भारत पक्षधर है। अफगान लोगों से हमारे मजबूत ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध हैं। उन्होंनेकहा कि अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से की गई अपील के जवाब में हमने कदम उठाए हैं। भारत ने अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के कई शिपमेंट भेजे हैं। 10 बैचों में 32 टन चिकित्सा सहायता भेजी गई है। इसमें कोरोना टीकों की 50,0000 खुराक शामिल हैं। यह चिकित्सा खेप विश्व स्वास्थ्य संगठन और काबुल के इंदिरा गांधी चिल्ड्रन हॉस्पिटल



को सौंपी गई है।

सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा-काबुल में 18 जून को सिख गुरुद्वारे पर हमला हुआ। इसके बाद 27 जुलाई को उसी गुरुद्वारे के पास एक और बम विस्फोट हुआ। अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थलों पर हमलों की यह श्रृंखला बेहद खतरनाक है।

## पाबंदी के बावजूद भगोड़ा घोषित नवाज शरीफ ने टीवी पर दिया भाषण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के टेलीविजन पर भाषण देने को लेकर पाकिस्तान की राजनीति गर्मा गयी है। दरअसल, इस्लामाबाद हाई कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किये जाने के बाद उन पर टेलीविजन पर भाषण देने पर पाबंदी थी। इसके बावजूद वे तीन साल बाद टेलीविजन पर भाषण देते नजर आए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री 72 वर्षीय नवाज शरीफ 2019 में इलाज के लिए विदेश गए और तब से पाकिस्तान नहीं लौटे हैं। वे अभी ब्रिटेन में रह रहे हैं। पिछले साल 24 जून को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में अदालत में पेश नहीं होने पर नवाज शरीफ को भगोड़ा घोषित कर दिया था। इससे पहले नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार के दो मामलों में 10 साल और 7 साल की सजा सुनाई गई थी। दोषी व भगोड़ा घोषित किए जाने के कारण पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण ने उन पर प्रसारण पाबंदियां लगा दी थीं।

इन पाबंदियों के बावजूद रविवार को पाकिस्तान के टेलीविजन पर नवाज शरीफ का भाषण प्रसारित हुआ। ब्रिटेन से उनके भाषण को पाकिस्तान के सरकारी टेलीविजन नेटवर्क पी टीवी पर लाइव प्रसारित किया गया। पी टीवी के अलावा पाकिस्तान के कई अन्य चैनलों पर भी नवाज शरीफ का भाषण प्रसारित हुआ। इसमें नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक भावुक अपील की। बाढ़ ने पूरे पाकिस्तान पर कहर बरपाया है। शरीफ ने टीवी भाषण में लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने का आग्रह किया। पाबंदी के बावजूद नवाज शरीफ के भाषण के प्रसारण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसे न्यायालय की अवमानना करार दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ इस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं, इसलिए सत्ता का दुरुपयोग कर नवाज शरीफ के भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।